Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबंद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच


वर्षः 6 अंकः 197 | शनिवार, 19 जुलाई -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## बदलाव चाहता है बंगाल, पीएम मोदी का ममता सरकार पर वार

# बोले- टीएमसी का गुंडा टैक्स बंगाल में निवेश को रोक रहा

नई दिल्ली।


नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमें बंगाल को इस बुरे दौर से बाहर निकालना है, और आज यहां जिन परियोजनाओं की शुरूआत हुई है, वो इसी का प्रतीक हैं। बंगाल, बदलाव चाहता है। बंगाल, विकास चाहता है। पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह 'सावन' का पवित्र महीना है और इस पवित्र समय के दौरान, मुझे पश्चिम बंगाल के विकास के उत्सव में शामिल होने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि भाजपा के पश्चिम बंगाल के लिए बड़े सपने हैं और वह 'विकसित पश्चिम बंगाल' का विकास करना चाहती है। उन्होंने कहा कि लोग यहां देशभर से रोजगार के लिए आते थे, लेकिन आज स्थिति पूरी तरह उलट गई। आज पश्चिम बंगाल का नौजवान, पलायन के लिए मजबूर है। छोटे-छोटे काम के लिए भी उसे दूसरे राज्यों की तरफ जाना पड़ रहा है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमें बंगाल को इस बुरे दौर से बाहर निकालना है, और आज यहां जिन परियोजनाओं की शुरूआत हुई है, वो इसी का प्रतीक हैं। बंगाल, बदलाव चाहता है। बंगाल, विकास चाहता है। मोदी ने हुंकार भरते हुए कहा कि मैं आज आपको ये यकीन दिलाने आया हूं कि बंगाल की बदहाल स्थिति को बदला जा सकता है। भाजपा की सरकार आने के बाद, सिर्फ कुछ ही वर्षों में बंगाल देश के शीर्ष औद्योगिक राज्यों में से एक बन सकता है। यह मेरा दृढ़ विश्वास है। प्रधानमंत्री ने कहा कि टीएमसी सरकार, बंगाल के विकास के आगे दीवार बनकर खड़ी है। जिस दिन टीएमसी सरकार की ये दीवार गिरेगी, उसी दिन से बंगाल विकास की नई तेजी पकड़ लेगा। टीएमसी की सरकार जाएगी, तभी असली परिवर्तन आएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की ओर से मैं आपसे आग्रह करता हूं, एक बार भाजपा को अवसर दीजिए। एक ऐसी सरकार चुनिए, जो कामदार हो, ईमानदार हो और दमदार हो। उन्होंने कहा कि पिछले दशकों में, इस क्षेत्र में निवेश और रोजगार के लिए स्थिति लगातार प्रतिकूल होती गई है।



## || सार संक्षेप

### फिर से आया गोल्डन टेंपल को बम से उड़ाने का ईमेल

फरीदाबाद/अमृतसर।



श्री हरमंदिर साहिब को तीन बार बम से उड़ाने की धमकी देने के मामले में पंजाब पुलिस ने फरीदाबाद से सॉफ्टवेयर इंजीनियर शुभम दुबे को गिरफ्तार किया है। उसके लैपटॉप, मोबाइल फोन व कुछ अन्य डिवाइस भी कब्जे में लिए हैं जिनकी जांच की जा रही है। दुबे की गिरफ्तारी के बाद शुक्रवार को फिर श्री हरमंदिर साहिब में आरडीएक्स बम से उड़ाने की धमकी मिली है। हरियाणा के फरीदाबाद से सॉफ्टवेयर इंजीनियर शुभम दुबे की गिरफ्तारी के बाद शुक्रवार को फिर श्री हरमंदिर साहिब में आरडीएक्स बम से उड़ाने की धमकी मिली। सुरक्षा एजेंसियों ने लगातार तलाशी अभियान चलाया लेकिन कोई विस्फोटक सामग्री बरामद नहीं हुई। अमृतसर के पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि हम जांच कर रहे हैं। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के मुख्य सचिव कुलवंत सिंह मन्नन ने कहा कि एक व्यक्ति की गिरफ्तारी के बावजूद धमकी भरा ईमेल भेजा गया है।

### अमेरिका में 'क्रिप्टो उद्योग' मुख्यधारा में लाएगी सरकारः ट्रंप



नई दिल्ली।

'जीनियस एक्ट' नामक यह विधेयक 308 बनाम 122 मतों से पारित हुआ और इसे लगभग आधे डेमोक्रेटिक सदस्यों और अधिकांश रिपब्लिकन ने समर्थन दिया। यह कानून क्रिप्टो समर्थकों के लिए एक बड़ी जीत है। वे लंबे समय से इस तरह के नियामक ढांचे की पैरवी कर रहे थे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर से जुड़ी क्रिप्टोकरेंसी, जिसे स्टेबलकॉइन के नाम से भी जाना जाता है, के लिए एक नियामक व्यवस्था बनाने के लिए एक कानून पर हस्ताक्षर किए। विशेषज्ञ इस कानून को एक मील का पत्थर बता रहे हैं। इससे डिजिटल परिसंपत्तियों को भुगतान करने और धन स्थानांतरित करने का एक रोजमर्रा का तरीका बनने का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। 'जीनियस एक्ट' नामक यह विधेयक 308 बनाम 122 मतों से पारित हुआ और इसे लगभग आधे डेमोक्रेटिक सदस्यों और अधिकांश रिपब्लिकन ने समर्थन दिया। यह कानून क्रिप्टो समर्थकों के लिए एक बड़ी जीत है। वे लंबे समय से इस तरह के नियामक ढांचे की पैरवी कर रहे थे।

## संगीता बिजलानी के फार्महाउस में हुई तोड़फोड़

नई दिल्ली।



सलमान खान की खास दोस्त और बॉलीवुड एक्ट्रेस संगीता बिजलानी के पुणे स्थित फॉर्म हाउस में चोरी का मामला सामने आया है। उनके घर से काफी सामान चोरी हुआ है। इसके साथ ही घर में काफी तोड़ फोड़ भी हुई है। जानिए क्या है पूरा मामला... पीटीआई के अनुसार, यह घटना तब सामने आई जब बिजलानी चार महीने बाद अपने फार्महाउस गईं। उनका यह फार्म हाउस पवना बांध के पास तिकोना गांव में स्थित है। बिजलानी ने चोरी के बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने पुलिस को बताया कि फार्महाउस का मुख्य दरवाजा और खिड़की की ग्रिल टूटी हुई थी। एक टेलीविजन गायब था और दूसरा टूटा हुआ था। बिस्तर, रेफ्रिजरेटर, सीसीटीवी कैमरे सहित कई सामान टूटे और गायब थे। उन्होंने बताया कि ऊपरी मंजिल पूरी तरह बिखरी हुई थी और इसके साथ ही कई कीमती सामान भी चोरी हुआ है और साथ ही खराब कर दिया गया है।

## संसद सत्र से पहले इंडी गठबंधन की बैठक आज

नई दिल्ली।



**विक्षपी दलों के नेता कई प्रमुख मुद्दों पर विचार विमर्श करेंगे**

आइएनडीआइए के घटक दल शनिवार को एक ऑनलाइन बैठक करेंगे, ताकि एकता का संदेश दिया जा सके और उन मुद्दों पर सहमति बनाई जा सके जिन्हें वे मानसून सत्र के दौरान सरकार को घेरने के लिए उठाएंगे। तृणमूल कांग्रेस के बारे में पहले कहा जा रहा था कि वह बैठक में शामिल नहीं होगी।

हालांकि, बाद में उसने कहा कि उसके राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी वर्चुअल बैठक में शामिल होंगे। यह बैठक सोमवार से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र से ठीक पहले हो रही है। इस बीच, विपक्षी एकता को झटका देते हुए आम आदमी पार्टी ने खुद को आइएनडीआइए से अलग कर लिया और कहा कि वह अब गठबंधन का हिस्सा नहीं है। आप ने गठबंधन का नेतृत्व करने में कांग्रेस की भूमिका पर भी सवाल उठाया। पार्टी ने कहा कि हमने अपना रुख स्पष्ट कर दिया है। आइएनडीआइए सिर्फ 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए था। यह बैठक सोमवार से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र से ठीक पहले हो रही है। यह बैठक लंबे अंतराल के बाद हो रही है जब ईंडी गठबंधन की पार्टियों ने देश की राजनीतिक स्थिति पर संयुक्त रूप से विचार-विमर्श किया था। कांग्रेस महासचिव एवं संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि भारतीय दल एकजुट है और इसके प्रमुख नेता शनिवार को ऑनलाइन विचार-विमर्श करेंगे और बाद में दिल्ली में बैठक करेंगे। गुरुवार देर रात कांग्रेस ने घोषणा की कि देश की मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर चर्चा के लिए शनिवार शाम को ईंडी ब्लॉक पार्टियों के नेताओं की एक ऑनलाइन बैठक होगी। विक्षपी दलों के नेता कई प्रमुख मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे, जिनमें बिहार में मतदाता सूची का चुनाव आयोग द्वारा किया गया विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), पहलगाम हमले पर चर्चा की मांग और ऑपरेशन सिंदूर शामिल हैं।

### अमित शाह ने किया एलान

## ओलंपिक-2036 की तैयारी कर रहे खिलाड़ियों को हर महा मिलेंगे 50000 रुपये



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि सरकार 2036 ओलंपिक खेलों की तैयारियों के तहत लगभग तीन हजार खिलाड़ियों को हर महीने 50 हजार रुपये दे रही है। अमित शाह 'व ?ल्र्ड पुलिस एंड फायर गेम्स 2025 में हिस्सा लेने वाले भारतीय दल के सम्मान समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा, जीत और हार जीवन का हिस्सा है, लेकिन जीत के लिए लक्ष्य तय करना और रणनीति बनाना हर किसी का स्वभाव होना चाहिए। शाह ने कहा कि जो लोग जीतने की आदत डालते हैं, वही असाधारण प्रदर्शन कर पाते हैं। केंद्रीय मंत्री ने अखिल भारतीय पुलिस खेल नियंत्रण बोर्ड से जुड़ी सभी इकाइयों से कम से कम तीन पदक जीतने का लक्ष्य तय करने की अपील की। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह उपलब्धि 2029 में गुजरात में होने वाले अगले वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में नए कीर्तिमान बनाएगी। अमित शाह ने यह भी कहा कि पुलिस बलों के लिए नियमित खेल अभ्यास न सिर्फ तनाव कम करेगा, बल्कि काम की गुणवत्ता भी बेहतर बनाएगा। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि 2036 के ओलंपिक में भारत शीर्ष पांच पदक विजेता देशों में शामिल होगा।

> केंद्रीय मंत्री ने अखिल भारतीय पुलिस खेल नियंत्रण बोर्ड से जुड़ी सभी इकाइयों से कम से कम तीन पदक जीतने का लक्ष्य तय करने की अपील की। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह उपलब्धि 2029 में गुजरात में होने वाले अगले वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में नए कीर्तिमान बनाएगी।



## उद्धव गुट के नेता बोले- मंत्री की मां के नाम पर मुंबई में डांस बार परमिट

**इस्तीफा दें योगेश कदम**

मुंबई।

शिवसेना (यूबीटी) नेता अनिल परब ने आरोप लगाया है कि मुंबई पुलिस ने जिस 'सावली बार' पर छापा मारकर 22 बार डांसर, 22 ग्राहक और 4 कर्मचारी गिरफ्तार किए गए थे, वह बार मंत्री योगेश कदम की मां के नाम पर है। उन्होंने मामले को लेकर मंत्री के इस्तीफे की मांग की। हालांकि, मंत्री कदम ने सभी आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि ये आरोप मुझे बदनाम करने के इरादे से लगाए गए हैं। शिवसेना (यूबीटी) नेता अनिल परब ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि मुंबई के एक 'डांस बार' का परमिट महाराष्ट्र सरकार के मंत्री योगेश कदम की मां के नाम पर है। उन्होंने मामले को लेकर मंत्री कदम से इस्तीफे की मांग की है। हालांकि, मंत्री कदम ने आरोपों को निराधार बताते हुए खारिज कर दिया। उद्धव गुट के नेता परब ने विधान परिषद में बोलते हुए इसे 'हितों का टकराव' बताया और कहा कि गृह और राजस्व समेत अन्य विभागों का कार्यभार संभालने वाले राज्य मंत्री कदम को इस्तीफा दे देना चाहिए।

# मलेरिया का पहला भारतीय टीका तैयार

नई दिल्ली।



टीका उत्पादन के लिए जल्द ही प्राइवेट कंपनी के साथ समझौता करेगा आईसीएमआर भारत में डेंगू से पहले मलेरिया रोग खत्म हो सकेगा। भारतीय वैज्ञानिकों ने मलेरिया रोग के खिलाफ पहला स्वदेशी टीका तैयार कर लिया है जो न केवल संक्रमण बल्कि उसके समुदाय में प्रसार पर भी रोक लगाने में सक्षम है। इस टीके के जल्द से जल्द उत्पादन के लिए नई दिल्ली स्थित भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने प्राइवेट कंपनियों के साथ समझौता करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आईसीएमआर ने जानकारी दी है कि मलेरिया टीका की खोज पूरी कर ली है। इसे फिलहाल एडफाल्सीवैक्स नाम दिया है, जो मलेरिया परजीवी प्लास्मोडियम फाल्सीपेरम के खिलाफ पूरी तरह असरदार पाया गया है। आईसीएमआर और भुवनेश्वर स्थित क्षेत्रीय चिकित्सा अनुसंधान केंद्र (आरएमआरसी) के शोधकताओं ने मिलकर यह स्वदेशी टीका तैयार किया है। आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने बताया कि मौजूदा समय में मलेरिया के दो टीके उपलब्ध हैं जिनकी कीमत करीब 800 रुपये तक प्रति खुराक है। हालांकि इनका असर 33 से 67 फीसदी के बीच है। इसके अलावा ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी और विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से भी मंजूर आरटीएस और आर21/मैट्रिक्स-एम टीका दुनिया के कुछ देशों में दिया जा रहा है। इनकी तुलना में भारत का यह टीका पूर्व रक्ताणु यानी रक्त में पहुंचने से पहले के चरण और ट्रांसमिशन-ब्लॉकिंग यानी संक्रमण प्रसार को रोकने में दोहरा असर दिखाती है। अभी तक मलेरिया के इस स्वदेशी टीका पर पूर्व-नैदानिक सत्यापन हुआ है जिसे आईसीएमआर के नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय मलेरिया अनुसंधान संस्थान और राष्ट्रीय प्रतिरक्षा विज्ञान संस्थान (एनआईआई) के साथ मिलकर पूरा किया है। आरएमआरसी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सुशील सिंह ने बताया कि भारत का यह स्वदेशी टीका संक्रमण को रोकने वाले मजबूत एंटीबॉडी बनाता है।

## संपादक की कलम से

# जंगल की लाल आंखें

आखिर हिमाचल में जंगल की बहस ने पहली बार अपने लिए भी कुछ बूटे चुन लिए। हमारे जीवन की सरहद पर जंगल खड़ा कर देने की रिवायतें, अंततः हमारे अपने वजूद से लडे लगीं, तो पूछना स्वाभाविक है तुझे तरस न आया। बहस सामाजिक परिदृश्य से शुरू होकर कानून की जुल्फों में रेंग रही है, तो आर्थिक विडंबनाओं और प्राकृतिक विपदाओं के वक्त तन के खड़े जंगल को पहरेदार मानें या हम कसूरवार ठहराएं कि हमारे अंगने में इसके पांव अंगद की तरह अड़े हैं। देखा जाए तो वन भूमि पर अतिक्रमण, कानूनों का उल्लंघन है, अतः इसे बचाने के लिए सख्त निर्देश आवश्यक हैं, लेकिन परंपराओं के मसौदे और घर–परिवार के रिश्तों में परिवेश की व्यापकता को जंगल की खुरदरी सतह पर भी तो देखा जाए। हमारा संदर्भ जंगल की लाल आंखों से है, जो घूरती हैं हर वक्त, लेकिन जब आग की भट्ठी बन कर पूरे परिवेश को जलाती हैं तो कानून की खुद्दारी से दूर किसी का घर और किसी का पशुधन जलता है। खेत को हरा कर जंगल जीत गया, वो तेरा बंदर मेरा राशन समेट गया। हम यहां सिर्फ यह कह रहे हैं कि जंगल होने की जमीन, हमारा अस्तित्व है तो यह भी समझा जाए कि हर जमीन को जंगल बना देने से न घर चलता और न ही प्रदेश। आश्चर्य यह कि 70 प्रतिशत हिमाचल की जमीन को जंगल माप रहा है, लेकिन शेष बची तीस प्रतिशत भूमि के लिए राष्ट्र की कोई जमीर नहीं बची। यही जमीन अब कानून और कानून व्यवस्था का बंटवारा भी कर रही। जंगल जीत रहा है 70 फीसदी की तरह और हम हार रहे हैं तीस प्रतिशत की तरह। दो उदाहरण सामने हैं। पूरा सराज क्षेत्र तहस–नहस हो गया। गांव, हट्टी, खेत, बागीचे, सडकें और राशन–पानी, सब खत्म हो गए। बची हैं सिसकियां, मजबूरियां और बंधक विकल्पों को रोक के बैठा पर्यावरण संरक्षण कानून। इसीलिए हिमाचल एफसीए कानून में संशोधन चाहता है ताकि जमीन के तबादलों के अधिकार से डूबे खेत–उजड़ी बस्तियां फिर से जंगल के तहत आई जमीन पर बसाई जा सकें। पुनर्वास के लिए भी आवेदन करना गुनाह है, तो इस जंगल की मिट्टी को सुराख चाहिए। उधर कानून के पहरे में फिर एक ऐसी मुलाकात जहां जंगल की परिभाषा, हमारी सदियों को जलालत दे रही। मामला वन भूमि में उगे सेब पौधों से शुरू हुआ, तो अब कानून की आरियों ने चीर डाली, डाली–डाली गुनहगार हो गई। यह सेब को सजा है या अतिक्रमण के खिलाफ एक बड़ा हमला है। दो–ढाई हजार सेब के पौधों को काट देना बेशक कानूनी फैसले का अमल है, लेकिन पर्यावरण के हिसाब से ऐसा अमल, एक नया विवाद खड़ा कर रहा है। सेब उत्पादक संघ, पूर्व विधायक राकेश सिंघा व पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार का दर्द, हर कटे हुए सेब के पौधे की तरह है। हम अतिक्रमण के खिलाफ कानून के कार्यान्वयन और सख्त कार्रवाइयों के पक्ष में हैं, लेकिन अतिक्रमणकारियों के व्यवहार की सजा सेब के पौधों को नहीं मिलनी चाहिए। चाहे हजारों गलतियों से पौधारोपण हो गया हो, लेकिन जंगल के बीच पेड़ों की लाशें गिनना कोई अच्छा सबब नहीं। खुशी व अचंभे की बात यह कि वन भूमि में आसानी से सेब उग सकता है। दूसरी बात यह भी कि चीड़ और सेब उगाने में सबसे अधिक समृद्धि किससे आएगी, यह पक्ष भी सोच लेना चाहिए। कल अगर आधे जंगल फल, फूल, जड़ी–बूटियां व इमारती लकड़ी ही उगाएं, तो जमीन की प्रासंगिकता बढ़ेगी। शुरूआत तो कोटखाई–कुमारसेन के अवैध सेब बागीचों से हो सकती है, बशर्ते इनकी परवरिश का अधिकार वन या बागबानी विभाग या सोलन की फॉरेस्ट्री यूनिवर्सिटी को दे दिया जाता। इस तरह कल कई अन्य वन, वन्य प्राणियों के आहार का प्रबंध करके गरीब किसानों को इनके प्रहार से बचा सकते हैं। हिमाचल जैसे पर्वतीय प्रदेश में जीने के लिए भूमि का आबंटन फिर से अदला–बदली के आधार पर होना चाहिए ताकि भविष्य की जमीन पर जंगल कुंडली मार कर न बैठा रहे।



ललित शर्मा
संपादक

# पुलिस-प्रशासन के सामने बड़ी चुनौती सकुशल कांवड़ यात्रा संपन्न करवाना

कांवड़ यात्रा में सुरक्षा व्यवस्था का आलम देंखे तो गाजियाबाद जनपद में ही, पुलिस कमिश्नर जे. रविंद्र गौड़, जिलाधिकारी दीपक मीणा, नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल व अन्य सभी आवश्यक विभागों के मुखिया अपनी पूरी टीम के साथ चौबीसों घंटे मुस्तैद खड़े हुए नजर आते हैं। हर वर्ष की तरह ही इस बार भी पवित्र श्रावण मास में देवाधिदेव भगवान महादेव के करोड़ों शिव भक्त को शांतिपूर्ण व भक्तिमय वातावरण में सकुशल कांवड़ यात्रा करवाना एक चुनौती पूर्ण कार्य है। जिसको संपन्न करवाने के लिए उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा व राजस्थान का पुलिस-प्रशासन दिन-रात एक करके अपने पूरे दल-बल के साथ धरातल पर व्यवस्था बनाने में जुटा हुआ है। पुलिस-प्रशासन को कांवड़ियों की संख्या में इस वर्ष भारी इजाफा होने की उम्मीद है। ऐसी स्थिति में विशेषकर उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश के पुलिस-प्रशासन के ऊपर पर एक तरफ तो जहां कांवड़ियों की चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था करने कि अहम जिम्मेदारी है, वहीं दूसरी तरफ इन करोड़ों शिवभक्त कांवड़ियों के लिए समुचित व्यवस्था बनाने की जिम्मेदारी है, जिसमें दोनों राज्यों का शासन व पुलिस-प्रशासन दिन-रात जुटा हुआ है। वैसे देखा जाए तो पिछले कुछ वर्षों से वर्ष दर वर्ष कांवड़ लाने वाले शिवभक्तों की संख्या में भारी इजाफा हुआ है। क्योंकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निदेर्शों पर पुलिस-प्रशासन के द्वारा जिस तरह से उत्तर प्रदेश में शिवभक्त कांवड़ियों का सेवाभाव के साथ पलक-पांवड़े बिछाकर के स्वागत किया जाता है और कांवड़ियों को किसी प्रकार की कोई असुविधा ना हो इसका माइक्रो लेवल पर विशेष ध्यान रखा जाता है, इस स्थिति ने कांवड़ियों की संख्या में भारी इजाफा करने का कार्य कर दिया है। भारी-भीड़ की स्थिति में कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए एक फुलप्रूफ, चाक-चौबंद व्यवस्था करना बेहद चुनौती पूर्ण कार्य बन गया है। कांवड़ यात्रा में विशेषकर के उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के पुलिस-प्रशासन के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि लाखों शिवभक्त कांवड़ियों के बीच छिपे हुए चंद अराजकता फैलाने की मंशा रखने वाले हुड़दंगियों की आखिरकार वह कैसे पहचान करें। हालांकि उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के पुलिस-प्रशासन के पास भक्तों की इस तरह की भारी भीड़ को नियंत्रण करने व उनके लिए समुचित व्यवस्था करने का दशकों पुराना लंबा अनुभव है, जिस अनुभव के ही बलबूते पर ही इन दोनों राज्यों का सिस्टम हर वर्ष ऐसे मेलों में उत्पन्न विकट से विकट परिस्थितियों से भी आसानी से निपट लेता है। लेकिन इस बार शुरूआती दिनों से ही कांवड़ियों की भारी भीड़ उमड़ रही है, शुरू के दिनों की बात करें तो प्रशासन के द्वारा 10 जुलाई से हरिद्वार में जल लेकर अपने गंतव्य स्थल पर जाने वाले कांवड़ियों की गिनती शुरू की गई थी। प्रशासन के द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 10 जुलाई से लेकर 15 जुलाई मंगलवार की शाम 6:00 बजे तक 80 लाख 90 हजार कांवड़िए गंगा जल लेकर के अपने गंतव्य की तरफ वापस चल दिए, कांवड़ियों की यह संख्या प्रतिदिन बहुत तेजी से बढ़ती जा रही है, वहीं साथ ही चंद हुड़दंगियों के द्वारा बवाल भी किया जाने लगा है। जिसके चलते ही उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश में शुरूआती दौर के दिनों में ही कांवड़ मार्ग के अधिकांश रास्तों को वन-वे तक करना पड़ गया है। हालांकि इससे आम लोगों को काफी असुविधा भी हो रही है। लेकिन पुलिस-प्रशासन क्या करें देश में जिस तरह का माहौल चल रहा है, उस स्थिति में कांवड़ियों की सुरक्षा की पूरी व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए यह एक बेहद आवश्यक कदम है। इसलिए ही गंगा से लेकर मंदिर व कांवड़ यात्रा मार्ग पर अब चप्पे-चप्पे पर होमगार्ड, ट्रेफिक पुलिस, पुलिस, पीएसी, आरएएफ, एटीएस आदि का सख्त पहरा नजर आने लगा है। घाटों पर एनडीआरएफ व गोताखोरों की टीम दल-बल के साथ तैनात हैं, कांवड़ यात्रा मार्ग पर जगह-जगह अग्निशमन विभाग के जांबाज भी तैनात हैं। वहीं पुलिस-प्रशासन के आला अधिकारी स्वयं पूरी टीम के साथ सड़कों पर उतरे हुए हैं और एक एक व्यवस्था को खुद परखने का कार्य कर रहे हैं। क्योंकि इस बार शुरूआती दौर से ही कांवड़ यात्रा में उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों में हुए विवादों व तोड़फोड़ की कुछ घटनाओं ने पुलिस-प्रशासन को सोचने पर मजबूर कर दिया है। क्योंकि इस बार विवाद के अधिकांश मामलों को बिना वजह की ही बात के बतंगड़ बनाकर के तूल देने के प्रयास किए गए, जिन्हें पुलिस-प्रशासन ने तत्काल ही समझदारी से सूझबूझ दिखाते हुए शांत करवाने का कार्य करते हुए, हुड़दंगियों के खिलाफ सख़्त कार्यवाही करते हुए माहौल को सामान्य करने का कार्य बखूबी किया है। विवादों की इन चंद घटनाओं के चलते ही कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था में लगा हुआ पुलिस-प्रशासन का पूरा सिस्टम अचानक से हाई अलर्ट मोड पर चला गया है, सरकार व सिस्टम कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी तरह की लापरवाही व कोई भी चूक बिल्कुल भी नहीं चाहता है। उदाहरणार्थ कांवड़ियों की सुरक्षा की बेहतर व्यवस्था बनाने के लिए सख्ती का आलम यह हो गया है कि गाजियाबाद तक में भी 14 जुलाई से ही रास्ते वन-वे या बंद कर दिए है।



हालांकि रास्ते वन–वे होने से क्षेत्र के आम लोगों को जबरदस्त असुविधा हो रही है। लेकिन अलग कांवड़ यात्रा मार्ग ना होने से पुलिस–प्रशासन के पास अन्य कोई विकल्प उपलब्ध नहीं है। कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था को देखें तो इस बार उत्तराखंड में कांवड़ियों के जल भरने के सभी स्थान गोमुख, गंगोत्री, ऋषिकेश, हरिद्वार आदि से लेकर के उत्तर प्रदेश तक में भी पूरे कांवड़ यात्रा मार्ग पर सीसीटीवी कैमरों व चप्पे–चप्पे पर पुलिस व अर्द्ध सैनिक बलों के सुरक्षाकर्मियों का जाल बिछा दिया गया है, कंट्रोल रूम में बैठकर सुरक्षा विशेषज्ञ चप्पे–चप्पे पर निगरानी रख रहे हैं। कांवड़ यात्रा में सुरक्षा व्यवस्था का आलम देंखे तो गाजियाबाद जनपद में ही, पुलिस कमिश्नर जे. रविंद्र गौड़, जिलाधिकारी दीपक मीणा, नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल व अन्य सभी आवश्यक विभागों के मुखिया अपनी पूरी टीम के साथ चौबीसों घंटे मुस्तैद खड़े हुए नजर आते हैं। कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस कमिश्नर जे. रविंद्र गौड़ ने जनपद के करीब 80 किलोमीटर लंबे कांवड़ मार्ग को 124 बीटों में विभाजित कर अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने चार स्थाई कंट्रोल रूम, एक मुख्य कंट्रोल रूम, दो सब कंट्रोल रूम और आठ स्टैटिक कंट्रोल रूम बनाए हैं। कांवड़ मार्ग को 1657 सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रखा गया है। 71 बैरियर लगाए गए हैं। 33 सार्वजनिक घोषणा प्रणाली बनाई गई है। 1560 पुलिस स्वयंसेवक व 10587 शांति समिति के सदस्य तैनात हैं। पीआरवी एवं चीता मोबाइलों को कांवड़ मार्ग में और दिल्ली–मेरठ एक्सप्रेस–वे पर लगाया गया है। घाटों पर एनडीआरएफ की टीम तैनात की गयी हैं। दमकल की 12 गाड़ियां विभिन्न स्थानों पर तैनात हैं, कांवड़ यात्रा मार्ग पर लगें शिविरों की अनुमति देते समय ही आग से बचाव हेतु अग्निरोधी यंत्र, रेत की बाल्टी एवं पानी का ड्रम रखवाने के लिए शिविर आयोजकों को निर्देशित किया गया है। कांवड़ शिविरों में विद्युत सुरक्षा उपायों के किये जाने का निर्देश दिए गए हैं। कांवड़ मार्ग के निकट कोई नया बखेड़ा खड़ा ना हो इसके लिए मीट, मछली और अंडा आदि की दुकानों को बंद करवा दिया गया है। किसी प्रकार की कोई दुर्घटना ना घट जाये इसलिए कांवड़ की ऊंचाई 10 फुट एवं चौड़ाई 12 फुट तक रखने के निर्देश दिए गए है। डाक कांवड़ में मानकों के अनुसार म्यूजिक सिस्टम पर 75 डेसीबेल तक का ही शोर मान्य है। यहां आपको बता दें कि इसी तरह की चाक–चौबंद व्यवस्था उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश के पूरे कांवड़ यात्रा मार्ग के सभी जनपदों में की गई है। इतनी चाक–चौबंद व्यवस्था के बाद भी पुलिस–प्रशासन के सामने कांवड़ यात्रा मार्ग पर आने वाले दिनों किसी भी तरह से माहौल खराब करने वाले लोगों से निपटने की बड़ी चुनौती खड़ी है। यात्रा के दौरान कांवड़ छूने, कांवड़ के वाहनों से टकराने, छुटपुट बातों का बतंगड़ ना बने उससे निपटने की चुनौती है। वैसे भी पिछले कुछ वर्षों से देश में छोटे–बड़े की शर्म, भाईचारा और सामाजिक समरसता, आपसी सहयोग का भाव दिन–प्रतिदिन तेजी से कम होता जा रहा है, कांवड़ यात्रा में इसका प्रभाव अब स्पष्ट रूप से नजर आने लगा है, जिसके चलते ही अब बिना सिर–पैर के विवाद तक भी कांवड़ यात्रा में चंद हुड़दंगी पैदा करने लगे हैं। कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने को लेकर पुलिस–प्रशासन जबरदस्त ढंग से सक्रिय है। सुरक्षा के मद्देनजर नियमित रूप से डॉग स्कवायड, बम निरोधक दस्ता और लोकल इंटेलीजेंस की टीम के साथ पुलिस चेकिंग अभियान चलाते हुए, कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न करवाने में दिन–रात व्यस्त हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि हमारे आराध्य देवाधिदेव भगवान महादेव के आशीर्वाद से कांवड़ यात्रा दिव्य अलौकिक बन कर सकुशल संपन्न होगी।

## ओ मेरे कान्हा


नीलम सिंह

कविता



ओ मेरे कान्हा

कान्हा तेरी छवि निराली,
मैंने दिल से लगाली।
तेरे चेहरे पर बारी जाऊं,
तेरी मुस्कान पर न्यारी जाऊं,
तेरी बांसुरी की धुन मुझे मधहोश करें,
तेरी बातों की गुन मुझे खामोश करें,
कान्हा तेरी छवि निराली,
मैंने दिल से लगाली।
तू न दिखे तो मैं आकाश निहारुं,
सब कुछ तुझ पर ही बारुं,
तेरी आवाज न सुनू तो तड़प जाऊं,
देख तुझे मैं सारा जग पाऊं,
कान्हा तेरी छवि निराली,
मैंने दिल से लगाली।



# दिल्ली से 400 किमी दूर यह हिल स्टेशन स्वर्ग से नहीं है कम, वीकेंड पर बनाएं ट्रिप का प्लान

बरोट घाटी में बहुत शांति है और यहां का नजारा बेहद सुंदर, प्रकृति के करीब और झरनों की आवाज से भरी है। यहां पर इंटरनेट और मोबाइल नेटवर्क सीमित है। जिससे आप रिलैक्स कर सकते हैं। आप सिर्फ दो दिन के वीकेंड ट्रिप पर हिमाचल प्रदेश के बरोट घाटी को एक्सप्लोर कर सकते हैं। जब भी लोग हिल स्टेशन की बात करते हैं, तो शिमला, मसूरी और मनाली जैसे नाम जहन में आते हैं। लेकिन इन जगहों पर पर्यटकों की भीड़ होती है, ऐसे में अगर आप शांत और प्राकृतिक खूबसूरती की तलाश में हैं, तो हिमाचल प्रदेश की कम जानी-पहचानी लेकिन बेमिसाल जगह बरोट घाटी घूमने के लिए जा सकते हैं। दिल्ली से बरोट घाटी की दूरी करीब 400 किमी है। बरोट घाटी में बहुत शांति है और यहां का नजारा बेहद सुंदर, प्रकृति के करीब और झरनों की आवाज से भरी है। यहां पर इंटरनेट और मोबाइल नेटवर्क सीमित है। जिससे आप रिलैक्स कर सकते हैं। यहां के सस्ते होमस्टे, सादगी भरे और हिमाचली संस्कृति से जुड़े होते हैं। आप सिर्फ दो दिन के वीकेंड ट्रिप पर हिमाचल प्रदेश के बरोट घाटी को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**कहां है बरोट घाटी:** बता दें कि हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में बरोट घाटी स्थित है। इसको 'मिनी स्विटजरलैंड' भी कहा जाता है। हालांकि यह एक ऑफबीट डेस्टिनेशन है। जो कि घने देवदार के जंगल, झरने, उहल नदी और ट्रेकिंग ट्रेल्स के लिए जाना जाता है। यहां पर घूमने के सबसे अच्छा समय मार्च से जून और सर्दियों में अक्तूबर से नवंबर के बीच होता है।

**ऐसे पहुंचे बरोट घाटी:** राजधानी दिल्ली से बरोट घाटी की दूरी करीब 400-450 किमी है। हालांकि यहां पहुंचना सस्ता, आसान और एडवेंचर से भरा है। यहां आने के लिए ट्रेन या बस से पठानकोट या फिर जोगिंदरनगर तक जा सकते हैं। फिर आगे का रास्ता आपको टैक्सी से तय करना होगा। सबसे पहले दिल्ली के कश्मीरी गेट बस अड्डे से एचआरटीसी की बस से जोगिंदर नगर पहुंचे। इसका किराया 800-900 रुपए हो सकता है। रात की बस लें, जिससे कि सुबह तक जोगिंदर नगर पहुंच जाएं। अब जोगिंदर नगर में पहुंचकर ब्रेकफास्ट करें और फिर बरोट घाटी के लिए स्थानीय बस से यात्रा करें। जोकि सुबह के समय आसानी से मिल जाती है। इसका किराया करीब 80 रुपए होगा। जोगिंदर नगर से बरोट घाटी की दूरी करीब 30 किमी है।

**बरोट घाटी ट्रिप की योजना:** ट्रिप के पहले दिन दोपहर तक जोगिंदर नगर पहुंचकर होम स्टे में फ्रेश होकर घूमने के लिए निकल जाएं। पहले दिन आप ब्रिटिश काल का डैम देखने के लिए जा सकते हैं। यह डैम अंग्रेजों के समय का बना है, जो आज भी अपनी सुंदरता और इंजीनियरिंग से चौंकाता है। इसके बाद आप प्राकृतिक फव्वारा और आसपास के गांव की सैर करने जा सकते हैं। यहां पर छोटे-छोटे गांव, साफ हवा और पगडंडियों के बीच घूमना मन को शांति देता है। फिर वापस आकर होम स्टे में आराम करें।

**यहां घूमें दूसरे दिन:** अगले दिन सुबह जल्दी उठकर लापास जलप्रपात के लिए निकल जाएं। साथ ही यहां पर झरने के पास बैठकर चाय और मैगी का लुत्फ उठाना न भूलें। इसके अलावा पास का लापास गांव भी घूमें। जहां पर आपको अनोखा देसी हीटर देने को मिलेगा। लापास गांव से लौटने के दौरान शॉर्टकट रास्ते से चोकड़ी बारोट वैली जाएं। यहां पर रास्ते में आपको घाटियां, घने देवदार के जंगल और एक बहती हुई जलधारा आपको मंत्रमुग्ध कर देगी। नेचुरल फ्रीजर और ट्राउट फिश फार्म जैसे कई अनूठे नजारे आपकी इस ट्रिप को यादगार बना देंगे। इस ट्रिप के दौरान बरोट की अनोखी विरासत के दीदार करना न भूलें। यहां पर एक ऐसी पुरानी कोठी डॉटर्स हाउस है, जिसको ब्रिटिश दौर में एक बेटी को उपहार दिया गया था। वर्तमान समय में यह कोठी टूरिस्ट होमस्टे में बदल चुकी है।

# सुबह-सुबह कुछ टेस्टी चाहिए, तो बिना अंडे के ट्राई करें ये हाई प्रोटीन ब्रेकफास्ट



अगर आप एक क्विक ब्रेकफास्ट रेसिपी की तलाश में हैं तो ऐसे में प्रोटीन स्मूदी बनाकर पीना अच्छा विचार है। इससे आपको लगभग 18-20 ग्राम प्रोटीन मिल जाएगा। चाहे आप फिटनेस लवर हो या अपनी हेल्थ पर थोड़ा ज्यादा ध्यान देने के बारे में सोच रहे हों या फिर क्विक मॉर्निंग रेसिपीज की तलाश में हों, ये सभी ब्रेकफास्ट आइडियाज आपको जरूर पसंद आएंगे। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही हाई प्रोटीन ब्रेकफास्ट ऑप्शन्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आप भी आसानी से ट्राई कर सकते हैं-

**बिना अंडे वाली प्रोटीन स्मूदी:** अगर आप एक क्विक ब्रेकफास्ट रेसिपी की तलाश में हैं तो ऐसे में प्रोटीन स्मूदी बनाकर पीना अच्छा विचार है। इससे आपको लगभग 18-20 ग्राम प्रोटीन मिल जाएगा। इसके लिए एक स्कूप प्लांट बेस्ड प्रोटीन पाउडर में 1 केला, 1 कप दूध या दही, 1 छोटा चम्मच चिया सीड्स डालकर सभी चीजों को ब्लेंड कर लें। यह ना केवल टेस्ट में लाजवाब है, इससे आपको अच्छा खासा प्रोटीन भी मिल जाता है।

**टोफू भुर्जी ब्राउन ब्रेड के साथ:** अगर आपको नाश्ते में ब्रेड खाने की आदत है तो अब उसे ब्राउन ब्रेड से स्विच करें। आप इसे टोफू भुर्जी के साथ खा सकते हैं। टोफू को प्रोटीन का एक अच्छा सोर्स माना गया है। इसके लिए टोफू को मैश करके प्याज, टमाटर, शिमला मिर्च, हल्दी और मसालों के साथ भूनें। साथ में दो स्लाइस ब्राउन ब्रेड के साथ खाएं।

**दही के साथ लें सत्तू पराठा :** अगर आप एक वेजिटेरियन हैं तो ऐसे में सत्तू का सेवन करना काफी अच्छा माना जाता है। अगर आप एक सत्तू का पराठा दही के साथ खाते हैं तो इससे आपको लगभग 14-16 ग्राम प्रोटीन मिल सकता है। इसके लिए सत्तू में प्याज, हरी मिर्च, सरसों का तेल, अजवाइन और नमक डालकर मिश्रण तैयार करें। इसे गेहूं के आटे में भरकर पराठा बेलें। आप इसे दही या चटनी के साथ खाएं। यकीन मानिए, आपके टेस्ट बड आपको थैंक्यू बोलेंगे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में मासिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई

वेलकम इंडिया महमूद रजा



बिजनौर जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने परिवहन विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि स्कूल वाहन चेकिंग के लिए विशेष अभियान चलाएं और जो वाहन भी बिना फिटनेस के संचालित पाया जाए, तत्काल उसको सीज कर स्कूल संचालक के विरुद्ध कार्यवाही करें तथा पुनर्विवृत्ति होने पर संबंधित स्कूल की मान्यता समाप्त करने के लिए आवश्यक कार्यवाही अमल में लाएं।उन्होंने समीक्षा के दौरान मंडी समिति किरतपुर द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष निरंतर रूप से काम प्रगति पाई जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि उनके उच्च अधिकारियों को उनके खिलाफ पत्र लिखें तथा उद्योग विभाग की सीएम डैशबोर्ड पर रैंक बहुत खराब स्थिति में होने की वजह से उनके विरुद्ध भी शासन को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए।उन्होंने लक्ष्य के सापेक्ष कम राजस्व प्राप्त करने वाले विभागीय अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि राजस्व वसूली का कार्य बहुत महत्वपूर्ण है, अतः सभी अधिकारी अपने दायित्वों का गंभीरता पूर्वक निर्वहन करते हुए विभागीय लक्ष्य को शत प्रतिशत रूप से पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने डैशबोर्ड के अंतर्गत गन्ना भुगतान की समीक्षा में बिलाई चीनी मिल द्वारा सबसे कम 57 प्रतिशत भुगतान किए जाने पर आपत्ति व्यक्त करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारी को निर्देशित किया कि उनके स्टॉक आदि की चेकिंग करें और किसानों को गन्ना भुगतान की कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। इसी के साथ उन्होंने जिला गन्ना अधिकारी एवं प्रदूषण विभाग के अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि सभी चीनी मिलों के संयंत्रों को अद्यतन स्थिति में रखने के लिए निर्धारित चेकलिस्ट के आधार पर चेकिंग करें, ताकि कोई अप्रिय घटना घटित न होने पाए।उन्होंने निर्देश दिए कि जिन विभागों की सीएम डैशबोर्ड पर रैंक डी श्रेणी में प्राप्त हुई है उनके विभागीय अधिकारियों के खिलाफ शासन को लिखा जाए और यदि उसमें सुधार नहीं होता तो उनके वेतन रोकने की कार्यवाही की जाए।इसी के साथ उन्होंने सीएम डैशबोर्ड पर बी और सी रेंक प्राप्त सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी माह विशेष प्रयास कर मानक के अनुरूप विभागीय कार्य की प्रगति को बढ़ाएं ताकि रेंकिंग में अपेक्षित सुधार हो सके तदोपरांत जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर द्वारा मासिक स्टाफ की अध्यक्षता करते हुए सभी उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को निर्देश दिए कि पांच एवं तीन वर्ष से अधिक पुराने वादों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित करें तथा अनावश्यक रूप से कोई भी वाद लंबित न रहने पाए।उन्होंने सभी पीठासीन अधिकारियों को वादों के निस्तारण में विशेष ध्यान देकर दायरे के सापेक्ष वादों के निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने धारा 34 एवं 24 के लंबित प्रकरणों पर निर्देश दिए कि निर्धारित समयावधि में सभी प्रकरणों को निस्तारित करें ताकि न्यायालयों में अनावश्यक बोझ से मुक्ति प्राप्त हो सके।

# रामपुर जिला अस्पताल की छोटी सी छोटी समस्या को गंभीरता से ले रहे हैं: सीएमएस डा. डीके वर्मा

वेलकम इंडिया गुलजार आलम




**रामपुर।** रामपुर के जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर सीएमएस डा. डीके वर्मा पूरी तरह एलर्ट मोड पर आ चुके हैं।जिला अस्पताल में छोटी सी छोटी समस्या को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जा रहा हैं।जिससे गरीब मरीजों व तीमारदारों में खुशी की लहर हैं।

जिला अस्पताल के सीएमएस डा. डीके वर्मा जिला अस्पताल की छोटी सी छोटी समस्या को गंभीरता से ले रहे हैं।जिससे गरीब मरीजों को काफी सहूलते मिल रहीं हैं।डा. वर्मा ने जिला अस्पताल का जब से चार्ज संभाला हैं तब से रामपुर जिला अस्पताल में अमूल चूक परिवर्तन नजर आ रहे हैं। रामपुर जिला अस्पताल की बिल्डिंग जितनी खूबसूरत हैं अब उतनी ही अच्छी व्यवस्थाएं भी नजर आ रहीं हैं। अस्पताल के वार्डों में गंदगी दूर से दूर तक नजर नहीं आती हैं। सफाई व्यवस्था को चाक चैबन्द बनाने में सीएमएस ने कड़ी मेहनत की हैं।अब मरीजों व तीमारदारों को सफाई कर्मी से सफाई कराने की जरूरत नहीं पड़ती बल्कि सफाई कर्मी स्वयं समय-समय पर वार्डों में घूम कर गंदगी को साफ करते हैं।इसके अलावा सीएमएस सुबह व रात को पूरे जिला अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हैं जिससे अस्पताल की व्यवस्था काफी हद तक बेहतर बन चुकी हैं।

# अधिक पौधे लगाकर उनका लालन पालन करें- चौधरी ईशम सिंह



वेलकम इंडिया महमूद रजा

नजीबाबाद वृक्ष प्रकृति का एक महत्वपूर्ण अंग है अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनका लालन पालन करें- चौधरी ईशम सिंह नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र के मंडावली थाना अंतर्गत ग्राम लाहक खुर्द में अपने खेत पर आज भारतीय जनता पार्टी सरकार एवं संगठन के आह्वान पर प्रकृति को हरा भरा करने के उद्देश्य से एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में अपना सहयोग करते हुए 101पौधे जिसमें सागौन,नीम, आम, अमरूद, शीशम, आंवला,तुन,सिम्बल, आदि के पौधे रोपित किये उन्होंने कहा कि हमारी केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं के माध्यम से हम समाज का विकास कर रहे हैं इसमें समाज की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है कि वह अपनी आने वाली पीढियों को प्राण दायिनी ऑक्सीजन सुगमता से उपलब्ध कराने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनका लालन पालन करें उन्होंने कहा कि बहुत सारे साथी पौधे लगाते हैं लेकिन बाद में उनका ध्यान नहीं रखते इस कारण प्रतिवर्ष लाखों पौधे रोपित होते हैं लेकिन वह पौधे पल नहीं पाते हैं इसलिए उन्होंने सभी से आह्वान किया है कि पौधे भले ही कम लगे लेकिन जो लगायें जायें उनका जिम्मेदारी से लालन पालन की करें इस अवसर पर उन्होंने अपनी माताजी के श्रीमती राजबाला देवी के साथ 101 पेड़ धरती मां को समर्पित कर उनके आंचल में लगाये ऋषभ सर पर इस अवसर पर चेयरपर्सन किसान सहकारी समिति सनोज देवी, तनिष्का सिंह, राजपाल चौहान, नरेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, कासिम अली,काजल चौहान आदि ने पौधारोपण में सहयोग किया।

# राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने महिला थाना का किया औचक निरीक्षण

गुलजार आलम



**रामपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की मा० उपाध्यक्ष श्रीमती चारू चौधरी ने जनपद भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान मा० उपाध्यक्ष ने महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित वन स्टाप सेन्टर का निरीक्षण किया।

इस दौरान वन स्टाप सेन्टर में पीड़िता के लिए सुविधा और सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया और वन स्टाप सेन्टर परिसर में पौधा रोपण किया। मा० उपाध्यक्ष द्वारा रजा लाइब्रेरी का भ्रमण किया गया तथा लाइब्रेरी की वर्तमान स्थिति एवं लाइब्रेरी के महत्व और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के प्रयासों की सराहना की गयी और लाइब्रेरी में स्थित दुर्लभ पांडुलिपियों, कलाकृतियों और पुस्तकों की जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने राजकीय बाल गृह (शिशु) का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान बाल गृह में आवासित बच्चों के साथ वार्ता की तथा बच्चों को बिस्कुट आदि वितरण किए। बाल गृह में ड्यूटी के अनुसार समस्त कर्मचारी उपस्थित मिले। लेकिन राजकीय बाल गृह के अधीक्षक श्री रामेन्द्र शेखर उपस्थित नहीं पाए गए। कर्मचारियों से जानकारी के बाद पता चला कि अधीक्षक अवकाश पर गए हुए हैं, जिसपर मा० उपाध्यक्ष के द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए अग्रिम चेतावनी दी गई।तत्पश्चात उन्होंने महिला थाना का औचक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान ड्यूटी के अनुसार समस्त कर्मचारी उपस्थित पाये गये तथा महिला थाना प्रभारी को पीड़ित महिलाओं के हित में सुविधाजनक व आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

# धूमधाम से निकलेगी जाहरवीर गोगा महाराज की विशाल शोभायात्रा आज, भक्ति भाव में डॉ. विकास शर्मा करेंगे आरती



वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार

- बैंडबाजों की होगी भक्ति की धुन, थिरकते नजर आएंगे भक्तजन
- कल सांय 7 बजे से विशाल फूल बंगला एवं श्री बाबा जाहरवीर जी के होंगे अलौकिक श्रृंगार दर्शन

**हाथरस।** श्री जाहरवीर कमेटी सेवा समिति के तत्वावधान में श्री जाहरवीर गोंगा जी महाराज की विशाल एंव भव्य 44 वीं छड़ी शोभायात्रा एवं मेला महोत्सव आज शहर में भारी धूमधाम से निकाला जाएगा और मेला की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा शोभायात्रा इस बार विशाल एवं भव्यता से आयोजित होगी। शोभायात्रा मेला महोत्सव में कई झांकियां एवं बैण्ड़ अपनी प्रस्तुतियों से भारी धूम मचाएंगे। मेला महोत्सव अध्यक्ष बालमुकन्द वार्ष्णेय, महामंत्री कन्हैया वार्ष्णेय तेल वाले, कोषाध्यक्ष अंकित वार्ष्णेय, मंत्री अनिल वर्मा माही ने बताया है कि 44 वां विशाल छड़ी मेला महोत्सव भारी भव्यता एवं धूमधाम के साथ आज शनिवार को सांय 4 बजे से पूरे शहर में निकाला जाएगा और मेला महोत्सव का शुभारंभ लाला का नगला स्थित माता पथवारी मंदिर से विधिवत पूजा अर्चना के साथ परंपरागत तरीके से होगा। उन्होंने बताया कि विशाल एवं भव्य मेला महोत्सव में मुख्य आरतीकर्ता प्रमुख समाजसेवी एवं फोकस अल्ट्रासाउंड सेंटर के डायरेक्टर डॉ. विकास शर्मा होंगे और उनके द्वारा बाबा जाहरवीर जी की आरती उतारी जाएगी। जिसमें दर्जनों झांकियां जिनमें एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा आदि की एंव एलईडी झांकियां आकर्षक व मनमोहक झांकी आकर्षण का केन्द्र होंगीं। जबकि नामी बैण्ड भी धूम मचायेंगे और सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र श्री जाहरवीर गोंगा जी महाराज का रथ होगा। जिसमें विराजमान होकर बाबा श्री जाहरवीर गोगा जी महाराज शहर भ्रमण करेंगे और भक्तों को दर्शन देकर उन पर अपनी कृपा करेंगे। आज की रात्रि में बाबा का विशाल जागरण रात्रि को सादाबाद गेट स्थित अंगूमल धर्मशाला पर आयोजित होगा। 20 जुलाई को सांय 7 बजे से विशाल फूल बंगला एवं श्री बाबा जाहरवीर जी के अलौकिक श्रृंगार दर्शन सादाबाद गेट स्थित अंगूमल धर्मशाला पर आयोजित होंगे।

# जिलाधिकारी ने जनपद की प्रत्येक तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किये जाने के दिये निर्देश

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, राजस्व अनुभाग-4 लखनऊ के पत्र के हवाले से जानकारी देते हुए बताया कि माह के प्रथम एंव तृतीय शनिवार को जनपद की प्रत्येक तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

उक्त निर्देश के क्रम में उनके कार्यालय के पत्र द्वारा दिनांक 05 जुलाई, 2025 से दिनांक 20 दिसम्बर, 2025 तक का सम्पूर्ण समाधान दिवस रोस्टर प्रेषित किया गया है।तत्संबंध में अवगत कराना है कि जिलाधिकारी कार्यालय के पत्र के द्वारा पूर्व में प्रेषित सम्पूर्ण समाधान दिवस रोस्टर में आंशिक संशोधन करते हुए माह जुलाई, 2025 के तृतीय शनिवार, दिनांक 19 जुलाई, 2025 को उनकी अध्यक्षता में आयोजित होने वाला तहसील दिवस, तहसील धामपुर के स्थान पर कल तहसील चांदपुर में आयोजित किया जायेगा।

# पॉलिथीन मुक्त भारत और पर्यावरण संरक्षण वाशु सैन की भारत भ्रमण यात्रा का मुख्य उद्देश्य: रितेश सैन

वेलकम इंडिया महमूद रजा




नजीबाबाद भारत भ्रमण यात्रा पर निकले सैन समाज के वाशु सैन अभी तक 2300किलोमीटर जिसमें राजस्थान पंजाब जम्मू हरियाणा उत्तराखंड उत्तर प्रदेश के जिलों में यात्रा पूरी कर चुके हैं यात्रा का मुख्य अधिक से अधिक पेड़ लगाना और उनको संरक्षित करना तथा पर्यावरण को बचाना प्रदूषण और पालीथिन हटाओ पृथ्वी को प्रदूषण मुक्त बनाओ सहित भारत के प्रत्येक विकलांग बच्चों को रोजगार उच्च शिक्षा ग्रहण कर उनको स्वरोजगार से जोड़ने के लिए सरकार से अपील करना यह यात्रा 2जून 2025से लेकर 2028 तक पूरी होगी भारत भ्रमण यात्रा पर निकले वाशु सैन का जगह-जगह पर भारत के नागरिक स्वागत कर रहे हैं और उनका उत्साहवर्धन कर रहे हैं इसी परिपेक्ष में आज नजीबाबाद के आदर्श नगर चौकी पर वाशु सैन का स्वागत किया गया स्वागत करने वालों में भाजपा पिछड़ा मोर्चा सोशल मीडिया के जिला प्रमुख रितेश सैन शेखपुरगढ़ू के ग्राम प्रधान धूमसिंह प्रमोद कुमार अंकित ठाकुर दीपक अग्रवाल बलवंत सिंह अशोक कुमार ओमकार सिंह मुकेश कुमार राजकुमार गोडियाल हरिओम जाटव नरेंद्र कुमार मौजूद रहे।

# ग्राम पचांयत सत्तोनंगली मे सफाई कर्मी गायब गांव में गंदगी का अंबार

वेलकम इंडिया महमूद रजा

जनपद बिजनौर के स्योहारा बिजनौर डीएम साहिबा एक नजर इधर भी पूरे गांव में गंदगी का अंबार लगा है। गलियां, नालियां कूड़े से दब रही हैं। गांव में सफाई न होने से बीमारियों का खतरा बराबर बना हुआ है। और यह सब सफाईकर्मी के न आने के कारण हो रहा है।ग्राम पंचायत सत्तोनंगली में सफाई कर्मचारी अपने काम पर नहीं आता है।इसकी शिकायत ग्रामवासियों ने एडीओ पंचायत से की।ग्राम वासियों ने कहा है कि गांव में तैनात सफाईकर्मी ध्यान सिंह कभी नहीं आता है।जिससे पूरे गांव में गंदगी का अंबार लगा हुआ है।नालियां चोक हो चुकी हैं जिससे गलियों और रास्तों में जलभराव की स्थिति बन चुकी है।गलियों में झाडू न लगने से कूड़े के ढेर लग चुके हैं।गांव वालों ने कहा है कि सफाई के अभाव में बीमारियों का खतरा मंडराने लगा है।गंदगी में मक्खी और मच्छर पनप रहे हैं।इनके कारण गांव वालों को रात दिन परेशान होना पड़ रहा है। एडीओ पचांयत से ग्राम वासियों ने कहा है कि उनके गांव में सफाई कर्मचारी की नियमित ड्यूटी तय की जाए।जिससे सफाई का काम बराबर हो सके।अगर सफाई कर्मचारी अपना काम ढंग से नहीं करता है तो उसे दंडित किया जाए।विकास खंड बुढ़नपुर क्षेत्र के ग्राम सत्तोनंगली बहादरपुर गांव में इन दिनों सफाई कर्मी की उदासीनता तथा लापरवाही के चलते गांव के अंदर गंदगी का साम्राज्य छाया हुआ है जिसके चलते गंदगी से पनपने वाली बीमारियों से संचारी रोग फैलने की संभावनाएं अधिक नजर आ रही हैं.बारिश के जलभराव की समस्या से ग्रामीणों को दो-चार होना पड़ता हैं ,ग्रामीणों के अनुसार सफाई कर्मचारी ध्यान सिंह काफी अर्से से गांव में नजर नहीं आ रहा है. जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।



# डीएम-एसपी ने कांवडियों से वार्ता कर जाना हाल, मार्ग में बने कैंपों में जलपान और स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार



**हाथरस।** जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा संयुक्त रूप से श्रावण मास-कांवड यात्रा के दृष्टिगत कांवडियों के मुख्य रुट मार्ग हतीसा पुल,तालाब चौराहा, आरटीओ कार्यालय, हाथरस जंक्शन, कैलौरा चौराहा, नगला जलाल आदि स्थानों का भ्रमण,निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। आने-जाने वाले कांवड़ियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो उसके लिये जगह जगह कैम्प बनाये गये है ।कैम्पों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं यथा विद्युत, पानी, स्वअल्पाहार आदि की व्यवस्था की गयी है ।साथ ही पुलिस अधीक्षक हाथरस द्वारा मुख्य चौराहो पर कांवड़ियों के आने-जाने व यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु चौबीस घंटे आवश्यकतानुसार पुलिस बल को तैनात करने के निर्देश दिए गये। एसपी द्वारा कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत जिले में सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी क्षेत्राधिकारी-थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों के प्रमुख चौराहों, संवेदनशील स्थानों और कांवड़ियों के आने-जाने वाले रास्तों पर पर्याप्त पुलिस बल लगाने व ड्यूटियों को समय-समय पर चेक करने एवं मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में निर्देशित किया।उन्होने सतर्कता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीएम एसपी द्वारा आने जाने वाले कांवडियों से वार्ता की गयी ।मार्ग में बनने वाले कांवड़ पथ के बारे में जानकारी की गयी तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ।इसके अतिरिक्त रास्ते में पड़ने वाले गड्ढे, बिजली की व्यवस्था हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ।

# पुलिस अधीक्षक ने 7 नई पीआरवी गाडियों को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना, छह थानों में हुई आवंटित

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**




**हाथरस**। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा जनपद मे कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुद्दढ बनाने हेतु व डायल-112 सेवा को और प्रभावी बनाने हेतु रिजर्व पुलिस लाइन स्थित पुलिस कार्यालय से पुलिस मुख्यालय से प्राप्त 7 नई पीआरवी वाहनो को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार, क्षेत्राधिकारी लाइन रामप्रवेश राय, प्रतिसार निरीक्षक व अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि आमजन को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित डायल-112 सेवा प्रभावी रूप से कार्यरत है। यह सेवा 24७7 कार्यशील रहते हुए पुलिस, अग्निशमन, एम्बुलेंस एवं अन्य आपात सेवाओं को एक ही नंबर 112 के माध्यम से आम नागरिकों तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। आम नागरिक अपने मोबाइल से 112 डायल कर अथवा ₹112 इंडियाऱ मोबाइल ऐप के माध्यम से सहायता प्राप्त कर सकते हैं। उनके द्वारा बताया गया कि थाना हाथरस गेट को 2, थाना सिकंद्राराऊ को एक, थाना हाथरस जंक्शन को एक, थाना हसायन को एक ,थाना सहपऊ को एक व थाना सासनी को एक सहित कुल 7 पीआरवी वाहन आवंटित किये गये है । ये वाहन अत्याधुनिक जीपीएस, वायरलेस सेट, हाई इंटेंसिटी लाइट्स, सायरन सिस्टम एवं अन्य पुलिसिंग उपकरणों से सुसज्जित होंगे । उत्तर प्रदेश पुलिस की अत्याधुनिक आपातकालीन सेवा डायल 112 को और अधिक सक्रिय व प्रभावशाली बनाने के लिए शासन से जनपद हाथरस को 7 नए वाहन प्राप्त हुए हैं, जो आधुनिक संसाधनों से युक्त हैं। इन गाड़ियों की तैनाती से जनपद में पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया और आपात स्थिति में सहायता पहुंचाने की क्षमता में वृद्धि होगी। आमजन को अब और भी शीघ्र सहायता उपलब्ध कराना संभव हो सकेगा। उन्होंने बताया कि जनपद में डायल 112 की गाड़ी मिलने से घटनास्थल पर पुलिस की पहुंच और भी तेज होगी।

जिससे अपराध नियंत्रण, यातायात प्रबंधन और नागरिक सुरक्षा में उल्लेखनीय सुधार होगा।

# सिंभावली पुलिस कर रही आने वाले शिवभक्तों का माला पहनाकर कर भव्य स्वागत



**वेलकम इंडिया, हरेन्द्र शर्मा**

हापुड़ जनपद में गढ़मुक्तेश्वर सावन माह में कांवड़ यात्रा के दौरान शिव भक्तों की सेवा में सिंभावली पुलिस मिसाल कायम कर रही है। सिंभावली थाना प्रभारी निरीक्षक सुमित तोमर अपनी टीम के साथ बैठ चौकी पर डटे हुए हैं और हर आने वाले भोले भक्त का फूल माला पहनाकर आत्मीय स्वागत कर रहे हैं ।सिर्फ स्वागत ही नहीं, पुलिस द्वारा यात्रियों के लिए मेडिकल सुविधा, फल वितरण, शीतल जल, और अन्य आवश्यक सहायता सामग्री की भी व्यवस्था की गई है, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

इस सेवा भाव में उनके साथ एसएसआई वासुदेव सिंह, संजय सिंह, जय इन्द्र, जयन्त सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्य भी लगातार जुटे हैं। श्रद्धालु भी पुलिस के इस सहयोग और सेवा से अभिभूत होकर ₹हर-हर महादेव₹ के जयघोष के साथ धन्यवाद ज्ञापित कर रहे हैं ।स्थानीय लोगों व कांवड़ियों का कहना है कि पुलिस का यह मानवीय चेहरा हर वर्ष दिखाई दे, यही कामना है।

# घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे युवक को तमंचा मय जिंदा कारतूस सहित किया गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**

हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर/सिंभावली पुलिस ने डीआईजी कला निधि नैथानी परिक्षेत्र मेरठ के द्वारा चलाए जा रहे। ऑपरेशन शस्त्र अभियान के तहत चेकिंग के दौरान वेट गांव से खगोई जाने वाले रास्ते से अपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे। युवकको एक तमंचा 315 बोर मय जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार युवक ने अपना नाम मेहता पुत्र इलियास निवासी वैट थाना सिंभावली बताया है। जो की छात्रा किस्म का अपराधी है जिस पर आर्म्स एक्ट, गोवध अधिनियम, जैसे कई मुकदमे पंजीकृत है। जिसको विरुद्ध विधिक वैधानिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय में किया गया पेश।

# अनजान लोगों से फोटो व वीडियो न करें शेयर: थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय

**वेलकम इंडिया**



**मिजार्मुराद**। गौर गांव (मिजार्मुराद) स्थित स्व.वंशनारायण सिंह महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को छात्राओं को जागरूक करते हुए मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने कहां की अगर कोई रास्ते में आते-जाते परेशान कर रहा है तो फौरन शिक्षक और अपने अभिभावक को बताएं। हर सड़क पर पुलिस मौजूद है। बाजार में पिंक बूथ बना हैं समय पर सूचना मिल जाए तो परेशान करने वाले पर तुरंत कार्रवाई किया जा सकता है। छात्राओं से कहा कि अगर रास्ते में कहीं डर लगे या घर पहुंचने में रात हो जाती है रास्ता अनजान हो तो 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को बुला सकती हैं पुलिस आपको सुरक्षित घर तक पहुंचाएगी। साइबर क्राइम के तहत जागरूक करते हुए बोले कि अनजान लोगों से दोस्ती करते हुए हमेशा सावधानी बरतें। किसी को भी अपनी गोपनीय सूचना और खास कर फोटो और वीडियो ना शेयर करें साइबर अपराध से बचने का सबसे बड़ा हथियार जागरूकता है खुद भी जागरूक रहे और दूसरों को भी करें। जरूरत पड़ने पर अपराध के लिए 1090, साइबर क्राइम से निपटने के लिए 1930, इमरजेंसी में मदद के लिए 112, चाइल्ड लाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पर संपर्क करे आपकी मदद किया जाएगा। महाविद्यालय परिसर में थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय व प्रबंधक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव सिंह गौतम ने वृक्षारोपण कर वृक्ष लगाने के लिए छात्राओं को जागरूक किया ।प्रबंधक द्वारा थाना प्रभारी का मोमेंट व अंगवस्त्र देकर सम्मान किया गया। इस दौरान प्राचार्य डॉ. आशुतोष उपाध्याय, सचिव योगेश सिंह, प्रशासनिक अधिकारी अभिषेक त्रिपाठी 'सुमित', डॉ. अंजना सिंह, डॉ. संगीता सिंह, प्रवक्ता गौरव उपाध्याय, मुकेश यादव, श्वेता पटेल, स्नेहा मिश्रा, संगीता, संजू गुप्ता, राजेश सिंह, रामजी यादव, वीरेन्द्र विश्वकर्मा समेत समस्त छात्राएं व प्रवक्तागण उपस्थित रहे।

# बरेली में वर्दी का खौफ: बीच सड़क पर दरोगा ने युवक को पीटा

**वेलकम इंडिया/चरण सिंह**



**बरेली**। जिस वर्दी को आमजन की सुरक्षा के लिए दिया गया हो और जब वही वर्दी रौब और गुस्से का औजार बन जाए, तो सवाल उठना लाजमी है। बरेली के सिटी स्टेशन रोड पर शुक्रवार को कुछ ऐसा ही देखने को मिला, जब एक दरोगा ने अपनी कार से मामूली टच होने पर एक युवक को बीच सड़क पर बेहरमी से पीट डाला। घटना सिटी स्टेशन रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक के पास की है, जहां एक छोटा हाथी वाहन दरोगा की निजी कार को हल्के से छू गया। टक्कर मामूली थी, लेकिन दरोगा का गुस्सा इतना अधिक था कि उसने फौरन ही युवक को वाहन से नीचे उतारकर उसकी पिटाई शुरू कर दी। थप्पड़ों की लगातार बरसात के बीच युवक बार-बार हाथ जोड़कर माफी मांगता रहा, लेकिन दरोगा ने एक न सुनी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक ने माफी के साथ-साथ नुकसान की भरपाई का भी प्रस्ताव दिया, लेकिन वदीर्धारी अधिकारी अपनी ताकत के नशे में चूर दिखाई दिया। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो वहां मौजूद किसी शख्स ने रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो सामने आने के बाद आम लोगों में पुलिस को लेकर गहरा रोष है और दरोगा के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठने लगी है। लोग सवाल कर रहे हैं कि क्या अब सड़क पर गलती से गाड़ी छू जाना, पिटाई की वजह बन जाएगी ? सोशल मीडिया पर वीडियो के वायरल होते ही पुलिस की कार्यशैली को लेकर आक्रोश फैल गया है।

## कांवड़ यात्रा 2025: गाजियाबाद में श्रद्धा और सुरक्षा का संगम बना शहर

**गाजियाबाद**। सावन के पावन माह में आस्था की यह यात्रा जब लाखों शिवभक्तों के कदमों से गूंजती है, तब उनके संरक्षण की जिम्मेदारी उठाते हैं वे अफसर जो केवल आदेश नहीं देते, बल्कि खुद सड़कों पर उतरकर निगरानी करते हैं। ऐसे ही अफसर हैं गाजियाबाद के तेज-तर्रार और संवेदनशील डीसीपी सिटी श्री धवल जायसवाल, जिनकी कार्यशैली आज नगर में एक मिसाल बन चुकी है। शुक्रवार रात थाना मधुबन बापूधाम क्षेत्र में डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने कविनगर एसीपी भास्कर वर्मा के साथ दिल्ली-मेरठ रोड स्थित कांवड़ मार्ग का गहराई से निरीक्षण किया। उन्होंने ट्रैफिक कर्मियों को विशेष सतर्कता बरतने, महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए मोबाइल टीमें सक्रिय रखने, सीसीटीवी कैमरे लगातार सक्रिय रखने तथा कांवड़ शिविरों के आसपास संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने के आदेश भी जारी किए।


# प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के नाम पर फर्जी छात्रों के नाम पर करोड़ों की ठगी

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**




**बरेली**। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत फर्जी छात्रों की आड़ में करोड़ों रुपये का सरकारी फंड डकारने का मामला सामने आया है। नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (ठरऊउ) की शिकायत पर बिथरी चैनपुर थाना पुलिस ने डोहरा रोड स्थित देवभूमि एजुकेशनल सोसायटी और उसके ट्रेनिंग सेंटर देवभूमि प्राइवेट आईटीआई के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और सरकारी धन की हेराफेरी का मुकदमा दर्ज किया है। यह घोटाला उस वक्त सामने आया जब 22 जनवरी 2025 को कौशल विकास मंत्रालय के अधिकारियों ने देवभूमि प्राइवेट आईटीआई पर अचानक छापा मारा। जांच के दौरान सामने आया कि संस्थान ने जिन छात्रों की उपस्थिति आधार आधारित बायोमैट्रिक सिस्टम (अएइअर) पर दर्ज की थी, वे छात्र मौके पर मौजूद ही नहीं थे। जांच में दो बैच 2840676 और 2840651 के नाम सामने आए, जिनमें दर्ज 24 छात्रों की उपस्थिति फर्जी पाई गई। जांच में यह भी पता चला कि संस्थान ने बेहद सीमित संख्या में वास्तविक छात्र दाखिल किए थे, जबकि बड़ी संख्या में फर्जी नाम जोड़कर एनएसडीसी से सरकारी फंड ले लिया। आरोप है कि संस्थान ने जाली दस्तावेज तैयार कर छात्रों की फर्जी प्रोफाइल बनाई और उनके नाम पर फर्जी उपस्थिति दर्ज कर करोड़ों की रकम हड़प ली। एनएसडीसी के राज्य समन्वयक दीपक चतुर्वेदी की ओर से 6 जून 2025 को बिथरी चैनपुर थाने में शिकायत दी गई थी। शिकायत में बताया गया कि देवभूमि एजुकेशनल सोसायटी और देवभूमि आईटीआई के संचालक ने मिलकर साजिशन यह घोटाला रचा। आधार बायोमैट्रिक उपस्थिति में हेराफेरी की गई और सरकारी पैसे की बंदरबांट हुई। इससे पहले 20 मई को एनएसडीसी ने संस्थान को कारण बताओ नोटिस भी भेजा था, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। आखिरकार संस्था ने थाने में तहरीर देकर देवभूमि आईटीआई के संचालक के खिलाफ केस दर्ज कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एनएसडीसी ने मांग की है कि इस मामले में कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि कौशल विकास जैसी महत्वपूर्ण योजना की विश्वसनीयता बनी रहे और भविष्य में कोई अन्य संस्था इस तरह का फर्जीवाड़ा न कर सके।

# हाफिजपुर थाना पुलिस की कार्य शैली भारी बारिश के चलते थाना प्रभारी निरीक्षक आशीष कुमार शिवभक्तों के लिए डयूटी पर नंगे पैरो नजर आए




**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

हापुड जनपद के हाफिजपुर थाना प्रभारी निरीक्षक आशीष कुमार शिवभक्तों की सेवा सुरक्षा मे इस तरह ड्यूटी को अंजाम देते हुए नजर आए कि जनपद भर मे सराहनीय कही शिवभक्तो को फल वितरण तो कही घायल शिवभक्तों को अपने हाथो से मरहम लगाना ।तो शुक्रवार को भारी बारिश के चलते रोड पर नंगे पैरो कावड़ मार्ग पर तैनात दिखाई दे दिए और कावड़ियों की सुरक्षा मे कोई चूक न हो तत्पर है। वही हापुड़ के हाफिजपुर थाना प्रभारी निरीक्षक आशीष कुमार ने अपने क्षेत्र मे लगन से शिव भक्तो की सुरक्षा और उनकी यात्रा मंगल मय हो ड्यूटी पर तैनात नजर आए।थाना हाफिजपुर कावड़ियों सेवा करने सक्षम नजर आ रही हैं।

# दैनिक अखबार में खबर छपी, कांग्रेसियों ने किया हमला

**वेलकम इंडिया**



**मेरठ**। दैनिक शाह टाइम्स अखबार मे कांग्रेस जिला अध्यक्ष गौरव भाटी के खिलाफ खबर प्रकाशित होने के बाद कांग्रेस कार्यकताओं ने अखबार के छिपी टैंक स्थित गर्ग कंपलेक्स कार्यालय पर हमला बोल दिया ।घटना से पत्रकार समुदाय में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार, अखबार में एक रिपोर्ट प्रकाशित की गई थी, जिसमें कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष पर पार्टी का नेतृत्व करने में नाकाम होने की खबर को उजागर किया था। खबर छपने के बाद बृहस्पतिवार की शाम एक दर्जन कांग्रेसी कार्यकर्ता कार्यालय पहुंचे और कंप्यूटर विभाग में तोड़फोड़ कर दी ।इस दौरान पत्रकारों को डराने-धमकाने की भी कोशिश की गई आरोप है कि कंप्यूटर में लगी हुई पेन ड्राइव व गल्ले में रखे हुए 5500 रुपए भी निकाल लिये। घटना की सूचना मिलते ही पत्रकारों में आक्रोश फैल गया और शुक्रवार को बड़ी संख्या में पत्रकार एकजुट होकर सिविल लाइन थाने पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। पत्रकारों ने कहा कि यह हमला न केवल मीडिया की स्वतंत्रता पर हमला है, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ भी है। पुलिस ने पत्रकारों के आक्रोश को देखते हुए मामले को गंभीरता से लिया और कांग्रेस जिलाध्यक्ष मेरठ सहित एक दर्जन कार्यकताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है ।थाने के प्रभारी ने बताया कि आरोपियों की पहचान की जा रही है और जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी। पत्रकार संगठनों ने इस घटना की कड़ी निंदा की है और प्रशासन से मांग की है कि पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और दोषियों को कड़ी सजा मिले। क्षेत्राधिकार सिविल लाइन अभिषेक तिवारी ने शाह टाइम्स कार्यालय पर जाकर वहां की जांच की और पत्रकारों से यह वादा किया कि जो व्यक्ति भी कानून को हाथ में लगा वह कितना भी ताकतवर क्यों ना हो उसे बख्शा नहीं जाएगा। इस मौके पर हरेंद्र चौधरी, रामबाबू दुबे, यशपाल सिंह, अशोक सोम, संजीव तोमर ,अजय चौधरी, अजय ठाकुर, डॉक्टर नदीम अनवार, पंकज शर्मा, सलमानी, मुनेंद्र त्यागी ,लियाकत मंसूरी ,सलमान भारती , जिया चौधरी, आरिफ कुरैशी, शिवकुमार शर्मा, सुनील शर्मा, अभिषेक द्विवेदी,मौ तैयब अली, यासीन कुरेशी , आजम रिजवी,संदीप चौहान, शाहीद मिर्जा , जाकिर तुर्क ,शाहिद अली,मुमतियाज अली, शान मोहम्मद, जयवीर त्यागी आदि सहित सरधना, मवाना ,जानी, किठौर ,परिक्षित गढ़ क्षेत्र से भी पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

# जुम्मा शाह ने सूरज के खेत को बना दिया कब्रिस्तान, कब्र हटाने का झगड़ा थाने पहुंचा

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**




**बरेली**। सीबीगंज थाना क्षेत्र के गांव सरनिया में एक विवाद ने तूल पकड़ लिया है। यहां एक व्यक्ति ने दूसरे समुदाय के खेत में बिना अनुमति के अपने नाती के शव को दफना दिया। खेत मालिक को इसकी जानकारी तब हुई जब वह गांव लौटा। कब्र हटाने की बात पर आरोपित ने साफ इनकार करते हुए जमीन को अपनी बताकर कब्जा जताया। विवाद बढ़ने पर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार गांव सरनिया निवासी सूरजपाल शर्मा ने सीबीगंज थाने में दी तहरीर में बताया कि करीब 15 दिन पहले वह किसी काम से गांव से बाहर गए हुए थे। इसी दौरान गांव के ही जुम्मा शाह के नाती का निधन हो गया। आरोप है कि जुम्मा शाह ने अपने नाती का शव बिना अनुमति उनके खेत में दफना दिया। गांव लौटने पर जब सूरजपाल को इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने जुम्मा शाह से बात की और कब्र हटाने की मांग की। इस पर आरोपी ने न सिर्फ कब्र हटाने से मना कर दिया, बल्कि जमीन को अपनी बताते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित का कहना है कि खेत की खतौनी उनके नाम पर है और आरोपित का उससे कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि यह धार्मिक और सामाजिक रूप से भी गंभीर मामला है, जिससे गांव का माहौल बिगड़ सकता है। सूरजपाल ने मामले की लिखित शिकायत सीबीगंज थाने में दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है। सीबीगंज इंस्पेक्टर अभिषेक का कहना है कि दोनों पक्षों से बातचीत की जा रही है और दस्तावेजों की जांच की जा रही है। दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# केएम अस्पताल में हुआ यूथ क्लिनिक का उद्घाटन

वेलकम इंडिया



**मथुरा**। 9 से 19 साल के युवक-युवती जिन्हें मेडीकल भाषा में एडोलेसेंट कहा जाता है, जिनमें स्वास्थ्य समस्याएं बिल्कुल अलग प्रकार की होती है, इन युवकों के स्वास्थ्य परामर्श के लिए केएम मेडीकल एंड हॉस्पिटल में यूथ क्लिनिक का शुभारंभ आज जिला पंचायत अध्यक्ष एवं केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी, कुलपति डा. एनसी प्रजापति, प्रति कुलपति डा. शरद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी ने कहा यह मथुरा का पहला यूथ क्लिनिक है।इस क्लिनिक में 9 से 19 साल के किशोर किसी भी स्वास्थ्य सम्बन्धित समस्याओं के लिए सम्पर्क कर सकते है, जैसे पोषण सुधार, यौनिक और प्रजनन स्वास्थ्य सुधार, मानसिक स्वास्थ्य सुधार, चोट व हिंसा से रोक (लैंगिक हिंसा शामिल) नशीले पदार्थ के प्रयोग से बचाव, गैर संचारी रोग की समस्याएं शामिल है।

शुभारंभ अवसर पर विवि के कुलपति डॉ. एनसी प्रजापति ने कहा राष्ट्रीय स्तर पर भी यह सुविधा राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरकेएसके) के अंतर्गत प्रदान की जाती है। युवाओं को बेहतर परामर्श देने के साथ इस क्लिनिक में गोपनीयता, दोस्ताना, सहायक मददगार का माहौल प्रदान किया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर पर शोध प्रशिक्षक होने के साथ मेरा केएम मेडीकल एंड हॉस्पिटल के कई विभागों में शोध कार्य भी चल रहा है, जिसमें बाल रोग, स्त्री रोग, मानसिक रोग, स्कैन एंड बीडी मुख्य है। बाल रोग विभागाध्यक्ष सीनियर प्रोफेसर डॉ. मनोज कुमार सिंह ने कहा यह यूथ क्लिनिक ओपीडी बाल रोग विभाग में प्रति सप्ताह शुक्रवार सुबह 9 बजे से लेकर 2 बजे तक संचालित रहेगा। जिसका संचालन बाल रोग विशेषज्ञ एवं पीडियाट्रिक एंडोक्राइनोलॉजिस्ट डॉ. रमनीश प्रजापति करेंगे। उन्होंने कहा वर्तमान में देश की बहुत बड़ी आबादी किशोर आयु में है जो भविष्य में समाज का निर्माण करेगें।इस समय किशोर क्लीनिक युवाद्वारा इस वर्ग की समस्याओं को समय रहते चिन्हित एवं निराकरण करना समय की आवश्यकता है।अक्सर किशोर 09-19 वर्ष के दौरान चिड़चिढ़ाना, गुस्सा, पढ़ाई / कैरियर को लेकर चिंता, बातां को अनसुना करना, सोशल मीडिया का ज्यादा प्रयोग करने जैसी विभिन्न समस्याओं के शिकार हो जाते है, इन युवाओं को केएम अस्पताल कॉन्फिडेंटियल, फ्रेन्डली, सपोर्टिव जैसे माहौल में परामर्श दिया जाएगा। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सौरभ ताल्यान एवं बाल रोग विशेषज्ञ एवं पीडियाट्रिक एंडोक्राइनोलॉजिस्ट डॉ. रमनीश प्रजापति ने कहा अक्सर युवा परिजनों की डांट व ड्रिपरेशन में आकर गलत कदम उठा लेते है, नशे की लत के शिकार हो जाते है, हमारी यूथ क्लिनिक ऐसे युवाओं का इलाज एवं परामर्श देकर उनके भविष्य को उज्जवल बनाने का प्रयास करेगी साथ ही युवा किशोरीवस्था में होने वाली परेशानी दूर करने के टिप्स भी गोपनीयता के साथ देंगे। यूथ क्लिनिक के शुभारंभ अवसर पर मेडीकल प्राचार्य एवं डीन डा. पीएन भिसे, मेडीकल सुप्रीटेंट डा. अभय सूद, एडीशनल मेडीकल सुप्रीटेंट डा. आरपी गुप्ता, बालरोग विभाग के डा. अखिलेश गुप्ता के अलावा पीजी चिकित्सक डा. आस्था, डा. अर्चिता, डा. रीतिका, डा. मानसी, डा. वैशाली, डा. चन्दना, डा. प्रियंका, डा.उर्वशी, डा. सोनल, डा. अंकिता, डा. आरती मौजूद रहीं।


# लालपुर कोसी नदी पुल के खस्ताहाल एप्रोच मार्ग के निर्माण की मांग

वेलकम इंडिया



**टाण्डा जिला रामपुर**। लालपुर स्थित कोसी नदी पुल के पश्चिमी ओर एप्रोच मार्ग की हालत खस्ता होने से वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।लगभग 200 मीटर लंबा यह खस्ताहाल रास्ता मुसीबत का सबब बना हुआ है। इस मार्ग से रोजाना बड़ी संख्या में लोग जिला मुख्यालय आते-जाते हैं, लेकिन सड़क की दुर्दशा ने उनकी यात्रा को जोखिम भरा बना दिया है ।इस समस्या को देखते हुए अपना दल (एस) के प्रदेश सचिव मोहम्मद वकील एडवोकेट ने लोक निर्माण विभाग को पत्र लिखकर शीघ्र सड़क निर्माण की मांग की है। यह मार्ग नगर और तहसील के सैकड़ों गांवों के लिए जिला मुख्यालय से जुड़ने का अहम रास्ता है ।कोसी नदी पर नए पुल के निर्माण के बाद टाण्डा तहसील क्षेत्र के लोग बड़ी तादाद में रोजाना ही मुकदमों की पैरवी और अन्य जरूरी कार्यों के लिए इस मार्ग का उपयोग करते हैं ।पुल के पास पश्चिम की ओर करीब 200 मीटर लंबा यह खस्ताहाल मार्ग न केवल वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बना है, बल्कि राहगीरों के लिए भी दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। खासकर बड़े और छोटे वाहनों को इस टूटी-फूटी सड़क पर चलने में भारी दिक्कत होती है। अपना दल (एस) के प्रदेश सचिव मोहम्मद वकील एडवोकेट ने पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता को पत्र भेजकर लगभग 200 मीटर लंबे इस जर्जर मार्ग के शीघ्र निर्माण की मांग की है ।ताकि लोगों को आवागमन में सहूलियत हो सके।

# रेलवे ट्रैक बना 'रील स्टूडियो, कृष की वेशभूषा में दौड़ा युवक- जान जोखिम में डाल बनाई वीडियो, गेटमैन बना तमाशबीन





वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली**। आज की युवा पीढ़ी को जमाने की चमक-दमक ने ऐसे मोड़ पर ला खड़ा कर दिया है, कि जहां लाइक्स और व्यूज के लिए वह अपना जान की बाजी लगाने से भी पीछे नही हटते। ताजा मामला बरेली के अलखनाथ मंदिर के पास का है, जहां एक युवक ने 'कृष' की वेशभूषा में रेलवे ट्रैक पर दौड़ते हुए और छलांग लगाते हुए खतरनाक स्टंट किया। इस पूरे करतब का वीडियो किसी ने बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया, जो देखते ही देखते वायरल हो गया। वायरल वीडियो में युवक सुपरहीरो 'कृष' जैसी पोशाक पहने रेलवे ट्रैक पर दौड़ता और छलांग लगाता दिखाई दे रहा है। आसपास मौजूद लोगों की भीड़ इस पूरे दृश्य को तमाशे की तरह देखती रही। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि वीडियो में रेलवे फाटक, गेटमैन का कमरा और वहां मौजूद अन्य लोग भी साफ दिखाई दे रहे हैं, लेकिन किसी ने उसे रोकने की जहमत तक नहीं उठाई।इस घटना ने रेलवे प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। जिस जगह युवक यह स्टंट कर रहा था, वहीं गेटमैन की ड्यूटी पर मौजूदगी भी साफ दिखाई दे रही है, लेकिन उन्होंने न तो युवक को रोका, न ही रेलवे ट्रैक की सुरक्षा के नियमों का पालन कराया। आरपीएफ ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए वीडियो बनाने वाले युवक की पहचान करने और उसके खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही है।साथ ही यह भी बताया जा रहा है कि जिस फेसबुक पेज 'बरेली वाली बरेली सिटी' पर यह वीडियो डाला गया है, उसकी भी जानकारी जुटाई जा रही है। रेलवे ट्रैक पर वीडियो बनाना सिर्फ कानून का उल्लंघन ही नहीं, बल्कि जानलेवा खतरा भी है।

# नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए .के . शर्मा का मथुरा दौरा आज

वेलकम इंडिया



**मथुरा**।प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा शनिवार, 19 जुलाई को मथुरा के दौरे पर रहेंगे।इस दौरान वे वृंदावन स्थित पागल बाबा विद्युत उपकेंद्र का लोकार्पण करेंगे, जो क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाएगा। इसके उपरांत मंत्री श्री शर्मा वृंदावन स्थित तुलसी तपोवन गौशाला, मावली में आयोजित गौ महोत्सव में प्रतिभाग करेंगे। यह कार्यक्रम विश्व जागरण मानव सेवा संघ चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसमें गौ सेवा, संरक्षण और जागरूकता को केंद्र में रखते हुए विविध गतिविधियाँ संपन्न होंगी। मंत्री श्री शर्मा का अगला कार्यक्रम पाञ्चजन्य ऑडिटोरियम, डैंपियर नगर में प्रस्तावित है, जहाँ वे नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं का उद्देश्य नगरीय सुविधाओं को बेहतर बनाना तथा क्षेत्र की आधारभूत संरचना को और अधिक सुदृढ़ करना है।इस अवसर पर स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में मथुरा-वृंदावन नगर निगम को 3 से 10 लाख जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में ह्य3 स्टारह्न के साथ देशभर में ग्यारहवां स्थान प्राप्त होने पर नगर निगम के अधिकारियों, सफाईकर्मियों और कर्मचारियों में विशेष उत्साह है। नगर निगम के अधिकारीगण मंत्री श्री शर्मा का स्वागत करने को पूरी तरह तत्पर हैं। यह उपलब्धि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन के विजन, मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ की प्रतिबद्धता, और मंत्री श्री शर्मा के नेतृत्व में शहरी सुधारों की सतत निगरानी का परिणाम है। श्री शर्मा द्वारा शहरी क्षेत्रों में स्मार्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर, जनभागीदारी, पारदर्शिता व तकनीकी नवाचार के माध्यम से सुशासन को जमीनी स्तर तक पहुंचाया गया है, जिससे प्रदेश के नगरों में अभूतपूर्व बदलाव देखने को मिल रहा है। श्री शर्मा मथुरा प्रवास के उपरांत निर्धारित समयानुसार जनपद से प्रस्थान करेंगे।

# बुगरासी के सरकारी अस्पताल में भी लगा कांवड़ियों के लिए कैंप



वेलकम इंडिया

**बुगरासी**। कस्बे बुगरासी के दौलतपुर रोड स्थित सरकारी अस्पताल में कांवड़ियों के लिये सीएमओ बुलंदशहर के आदेश पर कैंप लगाया गया है ।जिसमे कांवड़ियों को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराई गई हैं ।बुगरासी अस्पताल पर तैनात राकेश कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाएं रात दिन 24 घंटे के लिए मुहैया कराई गई है ।रात में भी स्टाफ की ड्यूटी रहती है और दिन में भी स्वास्थ्य कर्मचारी तैनात रहते है। हरिद्वार से जल भरकर आये कांवड़ियों को कोई भी परेशानी होने पर स्वास्थ्य कर्मचारी दौड़कर सेवा उपलब्ध कराते है ।ये सेवाएं 23जुलाई शिवरात्रि वाले दिन तक इसी तरह रहेंगी।

# हापुड़ पुलिस कावड़ यात्रा को लेकर अपनी ड्यूटी के प्रतिबध अलर्ट मोड पर आ रही नजर


वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ



**हापुड़**/हापुड़ जिला प्रशासन की अफसर शाही टीम कावड़ यात्रा को सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से सुगम सफल बनाने को लेकर हर ड्यूटी पॉइंट पर अपनी प्रतिबद्धता के साथ अलर्ट आ रही नजर। आपको बता दें कि हापुड़ पुलिस श्रद्धालुओं की सुरक्षा/यातायात व्यवस्था को सुदृड़ बनाए रखने हेतु प्रतिबद्ध है ।हापुड़ पुलिस द्वारा कांवड़ मार्गों में बने ड्यूटी पाइंटों/कावड़ यात्रा हेतु बनाई गई अस्थाई चौकियों, शिविरों आदि पर ड्यूटीरत रहकर श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं यातायात सुगम बनाए रखने हेतु हर सम्भव प्रयास किये जा रहे हैं।जिसको लेकर हापुड़ पुलिस के द्वारा सभी श्रद्धालुओं एवं आमजन से अपील की जाती है कि पावन श्रावण कांवड़ यात्रा को सहजता पूर्वक, निर्विघ्न एवं दुर्घटना मुक्त बनाए रखने हेतु हापुड़ पुलिस का सहयोग करें ।हापुड़ पुलिस परिवार कामना करता है कि श्रद्धालुगण सकुशल कांवड़ यात्रा पूर्ण कर अपने परिवार तक सुरक्षित पहुंचें। आपकी सुरक्षा में हापुड़ पुलिस सदैव तत्पर है।

# विधुत विभाग के जेई पर महिला सभासद ने लगाए छेड़छाड़ के आरोप, जेई ने बताया साजिश

मोहम्मद असलम




**लखीमपुर-खीरी**। कस्बा खीरी में विद्युत विभाग के अवर अभियंता (जेई) विमल रावत पर नगर पंचायत की एक महिला सभासद ने छेड़छाड़ के गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला सभासद ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर जेई के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। मामले को लेकर कस्बे में चर्चा का माहौल गरम है। पीड़िता का आरोप है कि जेई ने उनके साथ अमर्यादित व्यवहार किया और अपमानजनक टिप्पणि कीं। वहीं इस मामले में जेई विमल रावत ने अपने ऊपर लगे आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे पूरी तरह निराधार और साजिश करार दिया है ।जेई विमल रावत ने बताया कि उक्त महिला सभासद का पति पूर्व में बिजली विभाग में संविदा कर्मचारी के रूप में कार्यरत था, जिसे शासन द्वारा संविदा समाप्त किए जाने के बाद हटा दिया गया था। इसके बाद से ही वह विभागीय अधिकारियों पर अनावश्यक दबाव बनाने का प्रयास कर रहे हैं ।जेई ने बताया कि आज कस्बे में बिजली चोरी की शिकायत पर जब कार्रवाई की बात आई तो महिला सभासद के पति ने कार्रवाई रोकने के लिए दबाव बनाने लगा। जब उन्होंने कार्रवाई से इनकार किया तो महिला सभासद को सामने लाकर इस तरह के झूठे आरोप लगाए गए।

# केला मोड चौराहे पर लगा जाम दो क्रेनों से भी नही निकली सीमेंट से भरी गाड़ी



वेलकम इंडिया

**बुगरासी**।शुक्रवार को दोपहर बाद केला मोड चौराहे पर एक सीमेंट से लदी बडी गाडी सडक किनारे लगे पेड के टहने को बचाने के चक्कर में कच्चे में उतारनी पडी जिसके कारण गाडी के दाहिनी तरफ के पहिये जमीन में धस गये।सीमेंट भरी गाड़ी के चालक ने बताया कि स्याना से दो बडी क्रेन फंसी गाडी को निकालने के लिये मगाई हैं लेकिन काफी देर तक क्रेनों से फंसी गाडी को निकालने की मेहनत की लेकिन सफलता नही मिली।जानकारी के अनुसार सीमेंट भरी गाडी की बॉडी जमीन में लगी होने के कारण गाडी नही निकल सकी।अब गाडी को उठाकर सडक पर लाया जायेगा।तब कहीं जमीन में धसी गाडी बहार निकल पायेगी। समाचार लिखे जाने तक गाडी नहीं निकल पायी थी ।गाडी फसी होने के कारण केला मोड़ चौराहे से स्याना व बुगरासी की तरफ लम्बा जाम लग गया ।जाम की सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी बुगरासी सोबरन सिंह फौरन मौके पर पुलिस बल के साथ पहुंच गये और जाम खुलवाने के प्रयास में लग गये।सीमेंट की गाडी बुगरासी के सेठ राजीव गर्ग के यहां से जा रही थी।

# इस्लाम का गुनहगार है छांगुर बाबा, बरेली से जारी हुआ फतवा, मौलाना शहाबुद्दीन बोले- बहिष्कार करो

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली**। धर्मांतरण के मामले में गिरफ्तार बलरामपुर निवासी जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा को लेकर बरेली से एक बड़ा फतवा सामने आया है। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने छांगुर बाबा को इस्लाम का दुश्मन बताते हुए मुस्लिम समाज से उसके बहिष्कार की अपील की है।मौलाना शहाबुद्दीन ने फतवे में लिखा है कि इस्लाम एक सरल और सौम्य धर्म है, जिसमें किसी पर जोर-जबरदस्ती या लालच देकर धर्म स्वीकार करवाने की कोई गुंजाइश नहीं है। उन्होंने कहा कि पैगंबर-ए-इस्लाम ने अपने जीवनकाल में कभी भी किसी गैर-मुस्लिम को धर्म अपनाने के लिए न दबाव डाला और न ही कोई लालच दिया। इस्लाम हमेशा आपसी सद्भाव, भाईचारे और न्याय का संदेश देता है। मौलाना ने कहा कि छांगुर बाबा द्वारा धर्मांतरण के नाम पर जो कुछ भी किया गया, वह न केवल भारतीय कानून के खिलाफ है, बल्कि इस्लाम की तालीम का भी खुला उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि इस घटना से पूरे मुस्लिम समाज की छवि धूमिल हुई है और समुदाय को बेवजह आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस्लाम में धर्म प्रचार की अनुमति जरूर है, लेकिन किसी को आर्थिक लालच, शादी या दबाव के जरिये धर्म परिवर्तन करवाना नाजायज है। सूत्रों के मुताबिक, छांगुर बाबा ने योजनाबद्ध तरीके से धर्मांतरण का एक बड़ा गिरोह चला रखा था। उसने गैर-मुस्लिम लड़कियों को मुस्लिम युवकों से शादी कराकर धर्म परिवर्तन करवाया। जांच में सामने आया है कि इस नेटवर्क की जड़ें लगभग 100 करोड़ से अधिक की अवैध फंडिंग से जुड़ी हुई हैं।ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) की टीम अब उससे विदेशी फंडिंग और लेनदेन को लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस पहले ही बलरामपुर के उतरौला स्थित उसके आलीशान फार्म हाउस को ध्वस्त कर चुकी है।

# तीन बच्चों की मां ने की खुदकुशी

वेलकम इंडिया

**शिकारपुर**। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक महिला के सुसाइड का चौंकाने वाला मामला सामने आया है।महिला के पिता को जब बेटी के सुसाइड का पता चला तो पिता के पैरों तले जमीन खिसक गई। तीन बच्चों के होते हुए महिला ने जिस तरह खौफनाक कदम उठाया वो चौंकाने वाला है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तीन बच्चों की मां ने स्वयं के ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आत्महत्या कर ली।

मामला शिकारपुर कोतवाली क्षेत्र के वाहनपुर गांव का है। बताया जा रहा कि घरेलू विवाद में तीन बच्चों की मां ने स्वयं के ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर खुदकुशी कर ली। मृतका सोनू की 24 वर्षीया पत्नी प्रियंका देवी ने बुद्धवार - बृहस्पतिवार की रात को महिला ने अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डाल लिया और आग लगा ली जिसमें उसका शरीर करीब 70% जल चुका था उपचार के लिए प्रियंका को जिला अस्पताल ले गए जहां हालत गंभीर होने के कारण नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। कोतवाली प्रभारी चंदगीराम ने बताया कि घरेलू कलह में महिला ने स्वयं ज्वलनशील पदार्थ से खुदकुशी की है। शुक्रवार को पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। कोतवाल के द्वारा बताया गया है कि समाचार लिखे जाने तक पुलिस को कोई प्रार्थना पत्र नहीं मिला है।

# बरेली-मुरादाबाद हाईवे पर अब वाहन के ओवरस्पीड होने पर कटेगा चालान

वेलकम इंडिया/चरन सिंह




**बरेली।** बरेली-मुरादाबाद हाईवे पर अब वाहन के ओवरस्पीडिंग होने पर ऑटोमेटिक चालान कटेगा। इसके लिए नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ठऌअक) ने हाईवे पर हाईटेक कैमरों और एडवांस ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (अळटर) लगाने का प्रस्ताव केंद्र को भेजा था, जिसे अब मंजूरी मिल चुकी है। कुल 60 करोड़ रुपये की लागत से हाईवे पर 130 से ज्यादा हाईटेक कैमरे, मूविंग साइनबोर्ड और निगरानी उपकरण लगाए जाएंगे।

मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में यह जानकारी दी गई है। एनएचएआई के परियोजना निदेशक ने बताया है कि हाईवे के हर एक किलोमीटर पर कैमरे लगाए जाएंगे साथ ही 22 प्रमुख चौराहों पर विशेष निगरानी होगी। इस दौरान 16 फ्लाईओवरों का प्रस्ताव भी मंजूर हुआ, जिनका निर्माण जल्द शुरू होगा। मंडलायुक्त ने बरेली-शाहजहांपुर सेक्शन पर भी इसी तरह का प्रस्ताव केंद्र से मंजूर कराने के निर्देश दिए। एटीएमएस सिस्टम से जुड़ने के बाद यातायात नियमों की अनदेखी पर वाहन नंबर ट्रेस कर चालान सीधे मोबाइल नंबर या वाहन के रजिस्ट्रेशन पते पर भेजा जाएगा। सभी एआरटीओ (प्रवर्तन) और ट्रैफिक पुलिस को निर्देश दिए गए हैं कि बिना हेलमेट चलने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जाए। पीडब्लूडी व एनएचएआई को सभी मुख्य मार्गों पर क्रेन, एंबुलेंस, साइनेज, रिफ्लेक्टर, रंबल स्ट्रिप और ब्लिंकर लगाने के निर्देश मिले। एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खान को निर्देश दिए गए कि वे रोड सेफ्टी एक्सपर्ट डॉ. एसके सूरी के साथ मिलकर 112 पर तैनात कर्मियों को प्रशिक्षित करें। बैठक में डीएम अविनाश सिंह ने बताया कि बरेली-शाहजहांपुर मार्ग पर निराश्रित गोवंश सड़क पर बैठे रहते हैं, जिससे हादसे होते हैं। मंडलायुक्त ने मीडियन और क्रैश बैरियर लगाने तथा गोवंश को सुरक्षित गोशालाओं में शिफ्ट करने के निर्देश दिए। संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रणव झा ने वीडियो प्रेजेंटेशन में बताया कि बरेली में अधिकांश मौतें पीछे या किनारे से टक्कर की वजह से हो रही हैं। जबकि बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर में सबसे अधिक हादसे दोपहिया वाहनों की टक्कर से हो रहे हैं। जिनमें अधिकांश चालकों ने हेलमेट नहीं पहना था। डीआईजी अजय साहनी ने कहा कि ई-रिक्शा से जाम और अराजकता की स्थिति उत्पन्न होती है। ऐसे में थानों को निर्देश दिए गए हैं कि ई-रिक्शा चालकों का चरित्र सत्यापन और डीएल की जांच कर अभियान चलाएं।

# कांवड़ यात्रा में चिकित्सा सेवा हेतु राष्ट्र चेतना मिशन की टीम रवाना




वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** श्रावण मास की कांवड़ यात्रा मार्ग पर हरिद्वार की ओर से पवित्र गंगा जल लेकर पैदल यात्रा कर रहे शिवभक्तों की चिकित्सा सेवा के लिए राष्ट्र चेतना मिशन की टीम ने बुलंदशहर से प्रस्थान किया।

शुक्रवार शाम को संस्था के संरक्षक सीए मनीष मांगलिक ने राजे बाबू रोड स्थित कार्यालय से भगवा ध्वज दिखाकर टीम के 5 वाहन और 2 दर्जन कार्यकताओं को बुलंदशहर से हरिद्वार के लिए रवाना किया। राष्ट्र चेतना मिशन के अध्यक्ष हेमन्त सिंह ने बताया कि बुलंदशहर से अलग अलग दिशा में कांवड़ यात्रा मार्ग पर संस्था की 4 टीमें सेवा में लगती हैं, जो सैकड़ों किलोमीटर की यात्रा से लौट रहे कांवड़ियों के पांव के छालों और घावों की मरहम पट्टी करते हुए, कमर दर्द, पैर दर्द, सिरदर्द, पेट खराब, बुखार, आंखों में जलन, आदि समस्याओं का प्राथमिक उपचार कर उनके शारीरिक कष्टों को कुछ कम करने का प्रयास करते हैं। विगत 13 वर्षों से संचालित सेवा में कांवड़ यात्रा के दौरान हरिद्वार, रुड़की, मुजफ्फरनगर, खतौली, मेरठ और हापुड़ के साथ ही बुलंदशहर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यकर्ता सेवा प्रदान करते हैं। महाशिवरात्रि तक चलने वाली राष्ट्र चेतना मिशन की चिकित्सा सेवा टीम में अध्यक्ष हेमन्त सिंह, आचार्य कृष्ण मिश्रा, विकास सिंह, आशू पंडित, ललित चौहान, संकेत चौहान, शुभ शर्मा, पवन शर्मा, अरुण राजपूत, शुभि आदि रहे।

# टाण्डा के ग्रामीण क्षेत्र में चोर सक्रिय,ड्रोन से ले रहे टोह, भाकियू ने उठाई सुरक्षा की मांग

वेलकम इंडिया



**टाण्डा। जिला रामपुर** कोतवाली के ग्रामीण क्षेत्र में चोरों की सक्रियता ने लोगों की नींद उड़ा दी है। चोर ड्रोन कैमरों की मदद से गांवों में मकानों और परिवारों की टोह ले रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। रात के अंधेरे में ड्रोन की उड़ान देखकर लोग खौफजदा हैं और अपनी सुरक्षा के लिए रात-रात भर जागने को मजबूर हैं।भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने शुक्रवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी और प्रभारी निरीक्षक को ज्ञापन देकर गांवों में रात्रि गश्त बढ़ाये जाने की मांग की है। शुक्रवार की सुबह भाकियू (टिकैत) के पदाधिकारी मंडी समिति परिसर स्थित सीओ कार्यालय पहुंचे और सीओ कीर्तिनिधि आनंद को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि चोर ग्रामीण क्षेत्र में ड्रोन के जरिए मकानों और परिवारों की गतिविधियों पर नजर रखकर चोरी की वारदातों को अंजाम देने की फिराक में हैं। रात में ड्रोन की मौजूदगी ने ग्रामीणों का जीना मुहाल कर दिया है। डर के कारण लोग रातभर जागकर अपनी संपत्ति की निगरानी कर रहे हैं, जिससे उनकी नींद और सुकून छिन गया है।उन्होंने सीओ को बताया कि क्षेत्र के खुशहालपुर, मिलक हमीरपुर, चौधरपुर, मानकपुर बंजरिया, खेड़ा, धीरजनगर, सेंटाखेड़ा, हजरतनगर, चौकी का मंझरा व ढक्का नगलिया आदि ग्रामों में ड्रोन कैमरे देखे गए हैं। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस ने पहले ही गांवों में रात्रि गश्त बढ़ा दी है और इसे और प्रभावी किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से बेफिक्र रहने की अपील करते हुए कहा कि लोगों की जान, माल और इज्जत की सुरक्षा पुलिस की पहली प्राथमिकता है। इस अवसर पर भाकियू के जिला सचिव साबिर अली, संगठन मंत्री राशिद चौधरी, नगर अध्यक्ष मजहर लाला, युवा तहसील अध्यक्ष वारिस चौधरी, युवा नगर अध्यक्ष फरीद खां, इंतजार अली, जावेद खां, रफीक अहमद, मसरूफ अली, कलुआ और लियाकत आदि मौजूद रहे।

# बूथ को मजबूत करना हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी: अविनाश पांडे




वेलकम इंडिया

**झांसी:** उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी को बूथ तक मजबूत करने के लिए संगठन सृजन अभियान के तहत बुंदेलखण्ड जोन के 13 जिलों की समीक्षा और कार्यशाला राजपूत रिसोर्ट रक्सा में संपन्न हुई। जोनल समीक्षा के अंतर्गत बताया गया कि संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत संगठन की मजबूती के लिए चरणबद्ध संगठन निर्माण तय किए गए थे। उसी के अंतर्गत कांग्रेस का ब्लॉक स्तर तक गठन पूर्ण हो चुका है, कांग्रेस पार्टी ने अपने संविधान में संशोधन करते हुए पहली बार मंडल अध्यक्ष और कमेटी का गठन किया है, ये मंडल 15 से 25 बूथों को मिलाकर 21 जुलाई बनाया जाना है तथा 15 अगस्त तक बूथ कमेटियों का गठन करना है। जिला के कॉआर्डिनेटरों उपस्थित रहे, और अपने अपने जनपदों की संगठन निर्माण की विस्तृत रिपोर्ट दी ।कार्यशाला में सर्वप्रथम प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने ब्लॉक अध्यक्षों को शपथ दिलाई । समीक्षा बैठक में बोलते हुए राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रभारी उत्तर प्रदेश पूर्व सांसद अविनाश पांडे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी उदयपुर चिंतन शिविर में जो प्रस्ताव पारित हुए थे, उन प्रस्तावों और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे व हमारे नेता राहुल गांधी, हम सबकी प्रिय नेता श्रीमती प्रियंका गांधी की मंशा अनुरूप संगठन को जमीन स्तर पर मजबूत बनाने के लिए काम कर रहे हैं,आपके साथ अनुभवी नेता कॉआर्डिनेटर के रूप में कार्य कर रहे हैं,ऐसे में जनपद स्तर के कार्यकताओं और नेताओं के पास अवसर है कि ज्यादा से ज्यादा उनके अनुभव का फायदा उठाएं और संगठन को मजबूत करने का काम करें ।हम किसी भी कीमत पर इस देश की संविधान की रक्षा के लिए और लोगों के अधिकारों के लिए लड़ने को तत्पर हैं जिसके लिए संगठन को मजबूत करना नितांत आवश्यक है । अविनाश पांडे ने कहा कि संगठन के सृजन और निर्माण की समीक्षा लगातार अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के केंद्रीय कार्यालय से हो रही है, जो काम करने वाले कार्यकर्ता और नेता हैं उनको मुख्य धारा में लाना हमारा उद्देश्य है ।

# फिल्म अभिनेता राजपाल यादव आज पहुंचेंगे अंबाह, आयोजन ने जुटेंगे देशभर से श्रद्धालु 19 से बनेंगे पार्थिव शिवलिंग



सनी कुमार केसरवानी

**प्रयागराज।** ब्रह्मलीन संत देवप्रभाकर शास्त्री दद्दाजी के मिशन को आगे बढ़ाते हुए गृहस्थ संत डॉ अनिल त्रिपाठी जी के सानिध्य में दद्दा शिष्य परिवार अंबाह, बरेह एवं पोरसा द्वारा समाज कल्याण, राष्ट्र कल्याण व आत्मशांति महायज्ञ हेतु नगर स्थित जैन बगीची में 19 से 21 जुलाई तक तीन दिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन से पूर्व, पार्थिव शिवलिंग निर्माण की मूल प्रक्रिया मिट्टी की गोलियों का निर्माण भी शुरू हो चुका है. दद्दा शिष्य परिवार चंबल परिक्षेत्र के मीडिया प्रभारी आकाश शुक्ला ने बताया कि आयोजन की प्रेरणा ब्रह्मलीन संत पं. देवप्रभाकर शास्त्री 'दद्दा जी' से प्राप्त हुई है। दद्दा जी द्वारा प्रारंभ किए गए इस महायज्ञ अभियान में अब तक 130 से अधिक सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण किए जा चुके हैं। इस कार्यक्रम में देश के कोने-कोने से श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में भागीदारी की उम्मीद है। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं के ठहरने, भोजन और पूजा की सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली हैं। कार्यक्रम में जाने-माने फिल्म अभिनेता राजपाल यादव भी आयोजन में विशेष रूप से सम्मिलित होने के लिए आज अंबाह पहुंचेंगे। श्रद्धालुओं और नगरवासियों में आयोजन को लेकर भारी उत्साह है। आयोजन समिति दद्दा शिष्य परिवार अंबाह, बरेह एवं पोरसा द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। दद्दा शिष्य परिवार के इस कार्यक्रम के आयोजन महावीर अंबा ने जानकारी देते हुए बताया कि रुद्रियों के निर्माण हेतु मिट्टी की गोलियों का निर्माण शुरू हो चुका है।

# तहसील प्रशासन ने टैक्टर चलवा कर श्मशान घाट की भूमि को कराया कब्जा मुक्त

वेलकम इंडिया



**शिकारपुर/बुलंदशहर/** शुक्रवार को शिकारपुर तहसील क्षेत्र के गांव समसपुर में शमशान घाट की भूमि को तहसील प्रशासन द्वारा टैक्टर चलवा कर कराया गया कब्जा मुक्त। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकारपुर तहसील क्षेत्र के गांव समसपुर के ग्रामीणों ने शिकारपुर एसडीएम अरुण कुमार वर्मा और तहसीलदार गौरव बिश्नोई को प्रार्थना पत्र देकर शमशान घाट की भूमि को ग्राम प्रधान के चुंगल से कब्जा मुक्त कराने की मांग की थी जिस पर तहसीलदार गौरव बिश्नोई ने संज्ञान लेते हुए। हल्का लेखपाल से तत्काल रिपोर्ट मांगी गई थी लेखपाल द्वारा बताया गया था कि ग्राम प्रधान ने श्मशान घाट की भूमि पर खुद अवैध कब्जा कर धान की फसल बो रखी है। उधर तहसीलदार ने लेखपाल दयाशंकर की रिपोर्ट के आधार पर तहसील की एक राजस्व टीम गठित कर समसपुर गांव में भेज दी और राजस्व टीम ने नापतौल कर श्मशान की भूमि की जमीन पर अवैध कब्जा कर उस जमीन पर ग्राम प्रधान द्वारा धान की फसल लगा रखी थी। जिसको नायब तहसीलदार अक्षय दहिया के नेतृत्व में राजस्व टीम में उपस्थित कानून गो विक्रम सिंह लेखपाल अनिल कुमार लेखपाल दयाशंकर और लेखपाल खगेश कुमार तथा छतारी थाना पुलिस बल ने धान की फसल को ट्रैक्टर द्वारा तहस नहस कराकर श्मशान घाट की जमीन पर कर रखें अवैध कब्जा को हटाया गया ।श्मशान घाट की भूमि को कब्जा मुक्त होने पर ग्रामीणों ने तहसील प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

उधर शिकारपुर नायब तहसीलदार अक्षय दहिया ने बताया है कि शमशान घाट की जमीन पर ग्राम प्रधान द्वारा करीब दो बीघा भूमि में धान की फसल लगा रखी थी जिसमें ट्रैक्टर चलवा कर जमीन को कब्जा मुक्त करा कर श्मशान घाट की भूमि को ग्रामीणों की देखरख में दे दिया गया है।

# लखीमपुर खीरी पुलिस को बड़ी सफलता, अवैध तमंचे के साथ वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

मोहम्मद असलम



**लखीमपुर खीरी:** जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत खीरी पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। शुक्रवार, 18 जुलाई 2025 को थाना खीरी पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से अवैध हथियार भी बरामद हुआ है। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी सदर के मार्गदर्शन में थाना खीरी की टीम ने यह कार्रवाई की। थानाध्यक्ष खीरी के नेतृत्व में गठित टीम ने ढखवा ईदगाह गेट के पास से अभियुक्त सूफियान पुत्र नन्हा, निवासी मोहल्ला महाराजनगर, थाना कोतवाली सदर, जिला खीरी को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त थाना खीरी में पंजीकृत मुकदमा संख्या 502/25, धारा 109(1)/351(2)/352 इठर व 7 उछअ अ३ के तहत वांछित था। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त के पास से एक अवैध तमंचा 315 बोर और एक खोखा कारतूस बरामद किया गया। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर उसे माननीय न्यायालय भेज दिया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम: उपनिरीक्षक पटेल राठी, प्रभारी चौकी ओयल आरक्षी लोकेश कुमार, थाना व जिला खीरी

# तीन चीजें : सबसे गंदी सबसे करीब सबसे अजीज



तनवीर जाफरी

प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में स्वच्छ व साफ सुथरा रहने की हरसंभव वह कोशिशें करता है जिससे वह स्वस्थ व आरोग्य रह सके। नित्य नहाना धोना,साफ सुथरे कपड़े पहनना,साफ जगह पर बैठना,स्वास्थ्य वर्धक खाद्य सामग्री ग्रहण करना,स्वास्थ्यकारी वातावरण में रहना आदि सब इन्हीं स्वच्छता सम्बन्धी उपायों के मद्देनजर किया जाता है। परन्तु क्या आप जानते कि स्वच्छता सम्बन्धी सभी उपायों को अपनाने के बावजूद हमें अपने जीवन में रोजाना दिन में अनेक बार ऐसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है जबकि जाने अनजाने में हम गंदिगी ही नहीं बल्कि घोर गंदिगी के शिकार हो जाते हैं। बल्कि हम चाहते हुये भी इनका शिकार होने से भी नहीं बच पाते? और ऐसी तीन चीजें हर समय हमारे साथ रहती हैं जिन्हें न तो हम बार बार धो सकते हैं न ही इन्हें साफ करने के कोई उपाय अपना सकते हैं और न ही इनकी उपेक्षा कर सकते हैं ।इनमें सबसे पहला है हमारा अपना दोनों हाथ। हम सारा दिन अपने हाथों से क्या क्या छूते हैं ,किस किस से हाथ मिलाते हैं,शरीर के किन भागों पर हाथ लगाते हैं,कब सिर,कान नाक आँख फोड़ा फुंसी सहलाते या खुजलाते हैं,कब कुत्ता बिल्ली या अन्य किसी जानवर पक्षी से अपना प्यार जताते हैं। कार स्कूटर चप्पल जूतों में कब कहाँ हाथ लगते हैं,हमें कुछ ध्यान नहीं रहता। और खाने पीने में अपने उन्हीं हाथों का प्रयोग हम दिन भर करते रहते हैं। इसी तरह दूसरी चीज है 'नोट' अर्थात करेंसी। यह किन किन हाथों से होकर कहाँ कहाँ पहुँचती है किसी को नहीं पता। परन्तु हर व्यक्ति इन 'आवारा गर्दी' करने वाली करेंसी को अपनी छाती से लगाकर रखता है। कई लोग तो नोट गिनते समय उंगलियों के साथ अपने थूक का भी इस्तेमाल करते हैं। निश्चित रूप से नोट अर्थात करेंसी भी घोर गंदी होने के बावजूद हमारी सबसे प्रिय चीज है। जिससे दूरी बनाकर रखना या इसे स्वच्छ रूप में रख पाना हमारे लिये बिल्कुल असंभव है। तीसरी चीज है हमारा मोबाईल या सेल फोन। हमारे आधुनिक जीवन का यह हमसफर हर व्यक्ति से उसके बीवी बच्चों व माता पिता से भी करीबी स्थान बना चुका है। बाथरूम से लेकर डायनिंग टेबल तक हर जगह साथ रहता है। और आपके पहले सबसे अजीज हमसफर यानी 'हाथ' की रौनक बना रहता है। कई बार खाना खाते समय कोई फोन काल आ जाती है तो लोग खाने के दौरान ही फौरन कॉल रिसीव करते हैं। इसकी भी नित्य सफाई का निर्धारित तरीका शायद ही कोई अपनाता हो।

# मोदी कॉलेज में भूजल सप्ताह पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** डॉक्टर के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर गाजियाबाद में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मेंद्र शर्मा के आदेशों के क्रम में 16 जुलाई से 22 जुलाई तक भूजल सप्ताह मनाने के क्रम में शिक्षकों, अभिभावकों और स्काउट की कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि आजकल विद्यालय में कावड़ मेला के कारण अवकाश चल रहा है,लेकिन जल संरक्षण पर छात्रों और अभिभावकों और समाज को जागरूक करने के लिए विद्यालय में आए अभिभावकों,शिक्षकों ,कर्मचारी छात्रों और स्काउट की भू जल के गिरते स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया उन्होंने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि जल एक अमूल्य प्राकृतिक निधि है जिसका संरक्षण करना हम सभी का कर्तव्य है।पीने योग्य जल सीमित मात्रा में ही उपलब्ध है उसको व्यर्थ करना भावी पीढ़ी को जल के संकट में धकेलने के बराबर है। भूजल घटे नहीं ,प्रयास कभी रुके नहीं और जल सुरक्षित तो कल भी सुरक्षित इस प्रकार के संकल्प प्रधानाचार्य ने सभी को दिलाऐ।भूजल का संरक्षण और उसके प्रदूषण से बचाव अति महत्वपूर्ण है क्योंकि यह पानी का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। हमारे पर्यावरण के लिए भी अति आवश्यक है वर्षा जल को इकट्ठा करके और उसे जमीन में रिसने देकर भूजल को रिचार्ज किया जा सकता है। पेड़ लगाने से भी मिट्टी की जल धारण क्षमता बढ़ती है इससे भी भूजल स्तर में सुधार होता है। हमारे विद्यालय में भूजल सप्ताह पर प्रत्येक वर्ष कार्यशाला संगोष्ठी के द्वारा छात्रों को जल का संरक्षण करने के लिए जागरूक किया जाता है। इस अवसर पर ज्योति, रीना शर्मा ,कोमल ,सतीश कुमार नितिन कुमार ,आशुतोष और विनोद थापा कोमल त्यागी और स्काउट्स और उनके अभिभावक उपस्थित थे।

# एनसीसी कैडेट्स कॉवड यात्रा के दौरान कर रहे हैं ट्रैफिक कंट्रोल में सहयोग



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** 35 यू पी वाहिनी एन सी सी मोदीनगर के तत्वाधान में डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर के 65 एन सी सी कैडेट्स वाहिनी के कमान अधिकारी कर्नल पी के सिंह एवं मोदी कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद अग्रवाल के निर्देशन में कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर व लेफि्टनेंट राजीव जांगिड के नेतृत्व में इस वर्ष भी कांवड़ यात्रा के दौरान व्यवस्था एवं यातायात नियंत्रण में सहयोग कर रहे हैं । मोदी कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर ने बताया कि वाहिनी के 65 एन सी सी कैडेट्स बस स्टैंड, राज चोपला, मोदी मंदिर, सीकरी कट, गोविंदपुरी, गुरुद्वारा रोड एवं मोदी कॉलेज आदि जगहों पर यातायात नियंत्रण एवं कांवड़ यात्रा को सुचारु रूप से संपन्न कराने में एक बार फिर स्थानीय प्रशासन का सहयोग कर रहे हैं।एन सी सी कैडेटस गत तीन वर्षों से कांवड यात्रा के दौरान यातायात नियंत्रण में सहयोग कर कांवड़ यात्रा को सुगम बनाने में प्रशासन का भरपूर सहयोग कर रहे हैं, जिसके लिए सभी ने नेशनल कैडेट कोर्पस के इस कदम की काफी सराहना की थी।इस दौरान कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर,लै० राजीव जांगिड़, कैडेट श्याम, पुष्पिंदर, कार्तिक, लक्ष्य, निशान्त, यश ,अभी लाम्बा आदि का विशेष सहयोग रहा।

# चांदपुर के रामलीला मैदान में विशाल भंडारे का आयोजन



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**चांदपुर :** शिवरात्रि पर नगर के रामलीला मैदान में कावडतियो की सेवा के लिए 29 जुलाई से 22 जुलाई तक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। विवेक कॉलेज बिजनौर के चेयरमैन अमित गोयल ने बताया कि विशाल भंडारे में कांवडतियों की सेवा की जाएगी। विशाल भंडारे में कावडतियो सेवा हेतु नाश्ता, दूध, कच्चा व पक्का खाना, सोने के लिए बिस्तर की व्यवस्था, नहाने के लिए ताजा पानी की व्यवस्था, कावड़ को कंधा देने की व्यवस्था तथा दवाई आदि की पूर्ण व्यवस्था रहती है रात्रि में जागरण की भी व्यवस्था रहेगी। इच्छुक धर्म प्रेमी अपने घरों से पक्का भजन जैसे पराठा, पूरी,सब्जी लाकर कावडतियो की सेवा कर सकते हैं।

# जनता के अधिकारों से धोखा, संगठन करेगा आर पार की लड़ाई- ब्रजवीर दहिया




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** ऑल इंडिया पंचायती राज संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रजवीर दहिया ने कहा कि इस वर्ष राज्य सरकार द्वारा पंचायतों को आवंटित किए गए फंड की स्थिति बेहद चिंताजनक और निराशाजनक है।

कई पंचायत में खाता शून्य बैलेंस पर चल रहा है।जिससे विकास कार्य पूरी तरह ठप हो चुके हैं।जल निकासी , सड़क मरम्मत, शौचालय निर्माण, आवास योजना,पशु आश्चर्य, मनरेगा कार्य, जैसे मूलभूत कार्य भी अधर में लटके हुए हैं। ₹ऑल इंडिया पंचायती राज संगठन ₹ इसे पंचायत व्यवस्था के खिलाफ एक सुनियोजित हमला मानता है। सरकार ने पंचायत प्रतिनिधियों को नकली सत्ता थमा दी है। ना पैसा, ना अधिकार,ना सम्मान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रजवीर दहिया ने कहा कि अगर पंचायत केवल कागजों पर ही चलेगी तो देश का विकास भी कागजी ही रहेगा। यह पंचायत राज की आत्मा की हत्या है। ऑल इंडिया पंचायती राज संगठन मांग करता है। कि प्रत्येक पंचायत को न्यूनतम 25 लाख का तुरंत फंड दिया जाए। पंचायत निधि का आवंटन पारदर्शी और समयबद्ध हो पंच सरपंच को फंड नियंत्रण में भागीदारी दी जाए ।फंड में देरी पर संबंधित अधिकारियों की जवाब देही तय हो। अन्यथा ऑल इंडिया पंचायती राज संगठन घोषणा करता है कि 1 अगस्त 2025 से पूरे प्रदेश में पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा प्रत्येक जनपद मुख्यालय घेराव किया जाएगा अगर मांगे नहीं मानी गई तो । संगठन राजधानी में महापंचायत का ऐलान करेगा जिसमें 5 लाख से अधिक प्रतिनिधि जुटेंगे। और 2 अक्टूबर महात्मा गांधी की जयंती के दिन पूरे प्रदेश के ग्राम प्रधान सामूहिक रूप से इस्तीफा भी देंगे। हर चौपाल से उठेगी हुंकार। पंचायत मांगे अपना अधिकार।

# शिव कावड़ सेवा शिविर का पूजा अर्चना के साथ किया शुभारंभ



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** शिव कावड़ सेवा संघ के तत्वाधान में तेल मिल गेट पर शिव कावड़ सेवा शिविर का पूजा अर्चना के साथ शुभारंभकिया किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक पंडित सुदेश शर्मा सभासद सुबे सिंह बलदेव सिंह नवीन गर्ग प्रवीण मित्तल अनिल सैनए सुरमेश प्रधान देवराज मित्तल नरेश मित्तल जसवीर सिंह मुकेश गुप्ता मुकेश अग्रवाल प्रेम शर्मा सौरभ शर्मा प्रदीप शर्मा सत्येंद्र तोमर सुनीत शर्मा अतुल गर्ग राहुल गुप्ता अमित वशिष्ट सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे। नवीन गर्ग ने बताया कि सभी के सहयोग से विगत वर्षों से शिव भक्त कांवडियों की सेवा में सेवा शिविर लगाया जा रहा है। हमारे शस्त्रों में कहा गया कि सच्चे मन से सेवा करना ही सबसे बडा धर्म है। सभी सहयोगी कांवड सेवा शिविर में कांवडियों की सेवा में जलपानए भोजनए चिकित्सा और विश्राम की व्यवस्था कराने में लगे रहते है।

# क्राइम ब्रांच की टीम ने 27 लाख की अफीम के साथ अंतरराज्यीय तस्कर दबोचा

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नशे के विरुद्ध गाजियाबाद कमिश्नरेट पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। क्राइम ब्रांच व थाना मधुबन बापूधाम पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में एक अंतरराज्यीय अफीम तस्कर को गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से 1.166 किलोग्राम अफीम बरामद की गई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 27 लाख आँकी गई है। यह अफीम झारखंड से तस्करी कर गाजियाबाद में डिलीवरी के लिए लाई जा रही थी। गिरफ्तार आरोपी की पहचान संतोष यादव (34 वर्ष), निवासी ग्राम कुई, थाना मनिका, जिला लातेहार (झारखंड) के रूप में हुई है, जो कई महीनों से नशे की तस्करी में संलिप्त है और दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा व पंजाब तक नशे का नेटवर्क फैला रहा था। पूछताछ में संतोष यादव ने खुलासा किया कि वह गया (बिहार) में मजदूरी के दौरान एक तस्कर 'छोटू यादव' के संपर्क में आया, जिसने उसे नशे के इस धंधे में उतारा।

# पूजा अर्चना के बाद कांवड़ियों की सेवा में भंडारे का शुभारंभ

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** मेरठ दिल्ली मुख्य मार्ग पर आकाश विहार के निकट राधा रानी बैंक्वेट हॉल मे हर साल की भाति श्री भगवान शिव जी असीम कृपा से शिव कावड़ सेवा शिविर व भंडारे का शुभारंभ पूजा अर्चना के साथ किया गया।

कावड़ सेवा शिविर के आयोजक चौधरी दीपक बड़ायला ने बताया कि मेरठ दिल्ली मुख्य मार्ग पर पिल्लर नं. 1041 के सामने कांवड़ियों की सेवा में भण्डारा 18 जुलाई से 23 जुलाई तक राधा रानी बैंक्वेट हॉल मे आयोजन किया जा रहा है। दीपक चौधरी ने बताया कि शिविर में कांवरियों की सेवा में भोजन, चिकित्सा एवं आराम की व्यवस्था की गई है । उन्होंने कहा कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है ।सभी श्रद्धालुजन मिलजुल कर कांवड़ियों की सेवा में लगे हैं। इस मौके पर आयोजक दीपक चौधरी, कर्मवीर सिंह, वडायला, रालोद महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष सुमन चौधरी, दिनेश चौधरी, रामकुमार, संजय चौधरी, पिंकी रानी, अजीत आदि श्रद्धालुजन उपस्थित थे।

# पुलिस उपायुक्त ग्रामीण ने कांवड़ यात्रा मार्ग का भ्रमण कर किया निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** कांवड़ियों की संख्या बढ़ते देखकर पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह अलर्ट हो गया है ।पुलिस उपायुक्त ग्रामीण सुरेन्द्र नाथ तिवारी द्वारा कांवड़ यात्रा मार्ग पर थाना मोदीनगर के अन्तर्गत जनपद मेरठ की सीमा पर स्थित कादराबाद , राजचौपला, मोदीनगर कंट्रोल रूम, मुरादनगर गंगनहर कंट्रोल रूम, छोटा हरिद्वार मुरादनगर आदि का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया एवं संबंधित को अपनी अपनी ड्यूटी पर सतर्क रहने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश निर्गत किए गए। डीसीपी ग्रामीण जॉन सुरेंद्रनाथ तिवारी ने बताया कि कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न करने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने मोदीनगर राज चोपला मुरादनगर में गंग नहर पर कंट्रोल रूम बनाए हैं। जिनमें सीसीटीवी के माध्यम से पूरी तरह निगाह रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि मेरठ हाईवे पर प्रत्येक कट पर पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं और जगह-जगह ट्रैफिक पुलिस कर्मी भी तैनात किए गए हैं। जिससे कि यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे। कावड़ मार्ग पर किसी भी वाहन चालक को जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। पुलिस प्रशासन कावड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुरी तरह मुस्तैद है ।इस दौरान एसीपी ज्ञान प्रकाश राय,मोदीनगर कोतवाली निरीक्षक नरेश कुमार शर्मा सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# मेरठ-दिल्ली मार्ग हर हर महादेव व बम-बम भोले के उदघोष से गूंजा

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** शिवरात्रि ज्यों-ज्यों नजदीक आती जा रही है, त्यों-त्यों हरिद्वार, ऋषिकेश, नीलकंठ व गोमुख आदि पवित्र तीर्थ स्थलों से पावन गंगाजल कांवड़ में लेकर अपने गन्तव्य स्थलों की तरफ लौट रहे श्रद्धालु शिवभक्तों की संख्या उत्तरोतर बढ़ती जा रही है। सीमावर्ती ग्राम कादराबाद से मोदीनगर में प्रवेश करने वाले कांवड़ियों के हर हर महादेव तथा बम बम भोले के उद्घोष से मेरठ-दिल्ली मार्ग गूंज रहा है। मोदीनगर व निवाड़ी गंगनहर पटरी मार्ग से गूजर रहे राजस्थान व हरिद्वार सहित दूर दराज क्षेत्रों के शिवभक्तों के आगमन से समूचे कांवड़ मार्ग भगवामय हो गए हैं। कांवड़िये अपने साथ नाना प्रकार की भक्तिपूर्ण नयनाभिराम झांकियां लेकर चल रहे हैं। जो आकर्षण का केंद्र बनी हैं। सूर्यास्त के बाद देर रात तक मेरठ-दिल्ली मुख्य मार्ग पर डिवाइडर पर खड़े होकर श्रद्धालु महिला व बच्चे दर्शकों के रूप में भक्तिपूर्ण झांकियां लेकर गुजरने वाले श्रद्धालु शिवभक्त कांवड़ियों का अभिनंदन कर उनका उत्साहवर्धन कर रहे हैं। पुष्प वर्षा से स्वागत- निवाड़ी गंगनहर पटरी मार्ग से गुजर रहे शिवभक्तों का कस्बा वासियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। उन्हें श्रद्धापूर्वक फल व भोज्य पदार्थ प्रदान किए। घायल कांवड़ियों का उपचार भी किया ।बेरिकेडस लगा बंद किए प्रमुख मार्ग- उधर कांवड़ यात्रा के तहत मुरादनगर थाना पुलिस द्वारा रेलवे रोड, राधे श्याम विहार कालोनी के मुख्य द्वार आदि सभी मार्गो पर बेरिकेडस लगाकर बंद किए जाने से कस्बावासी अपने-अपने घरों में कैद से हो गए हैं। नौकरी पेशे वालों को अधिक असुविधा हो रही है। रेलवे रोड के बंद होने से जुड़ी कई कालोनीवासियों तथा रेलवे स्टेशन की तरफ आने वाले परेशान लोगों ने पुलिस एवं प्रशासन से जनहित में मार्ग खोले जाने की मांग की है ।नन्हें कांवड़ियों का स्वागत- नंदनगरी शाहदरा दिल्ली निवासी दीपक का पांच वर्षीय पुत्र सोनू भी हरिद्वार से कांवड़ लेकर जब मोदीनगर से गुजरा तो कई श्रद्धालुओं ने उसका स्वागत कर उसका उत्साहवर्धन किया। धूप, गर्मी व बारिश भी उसका उत्साह व उसकी हिम्मत कम नहीं कर पायी। नन्नें कांवड़िए सोनू का कहना है कि यदि सबकुछ ठीक रहा तो वह हर वर्ष कांवड़ लाकर अपने भगवान भोले शंकर को खुश रखने का प्रयास करूंगा।



# पूर्व कैबिनेट मंत्री मा. श्री राजपाल त्यागी जी के निधन पर गहरा शोक, राजकीय सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई







**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री, लोकप्रिय जननेता, सहज-सरल स्वभाव एवं अपार जनसमर्थन से युक्त मा. श्री राजपाल त्यागी जी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद, पीड़ादायक एवं अपूरणीय क्षति है। मा. राजपाल त्यागी जी का जीवन संपूर्ण रूप से संघर्ष, सेवा और समर्पण को समर्पित रहा। उन्होंने जनभावनाओं को सदैव सर्वोपरि रखा और एक सच्चे जनसेवक के रूप में अपनी अलग पहचान बनाई। उनका राजनीतिक जीवन ईमानदारी, सादगी और जमीनी सरोकारों से प्रेरित रहा, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा। उनके निधन के उपरांत उन्हें राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। हजारों की संख्या में उमड़ा जनसैलाब, भावविल नेत्रों से अपने प्रिय नेता को अंतिम प्रणाम कर रहा था। राजपाल त्यागी अमर रहें के नारों से गूंजते वातावरण में जनसमूह ने श्रद्धांजलि दी – यह दृश्य उनकी जनप्रियता और जनमान्यता की गूंजती हुई मिसाल था। उनकी अंतिम यात्रा भारी जनसमूह एवं सम्मानपूर्वक हिंडन घाट पहुँची, जहां उनके पौत्र के हाथों मुखाग्नि दी गई और उनका पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन हुआ। यह क्षण समस्त जनमानस के लिए अत्यंत भावुक कर देने वाला था। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा इस कठिन समय में मुरादनगर के विधायक मा. अजीत पाल त्यागी जी सहित समस्त शोकाकुल परिजनों को यह असीम दुख सहन करने की शक्ति और धैर्य प्रदान करें। इस शोक की घड़ी में भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल सहित अनेक वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों ने गहरा दुख प्रकट करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने दिवंगत नेता के निधन को सार्वजनिक जीवन के लिए अपूरणीय क्षति बताया और उनके योगदान को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## मुख्यमंत्री स्वदेशी गोसंवर्धन योजना के तहत 80 हजार तक का अनुदान, 13 अगस्त तक करें आवेदन

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार पशुपालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'मुख्यमंत्री स्वदेशी गोसंवर्धन योजनाञ्के तहत एक बड़ा अवसर लेकर आई है। इस योजना के अंतर्गत प्रदेश के सभी 75 जनपदों में इच्छुक पशुपालकों को दो उन्नत नस्ल की स्वदेशी गायों की इकाई स्थापित करने पर अधिकतम 80,000 तक का अनुदान प्रदान किया जाएगा। इस संबंध में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस.पी. पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना का उद्देश्य न केवल स्वदेशी नस्लों का संवर्धन करना है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती देना है। योजना के तहत गिर, साहीवाल, थारपारकर तथा हरियाणा नस्ल की स्वदेशी गायों को खरीदने पर अनुदान दिया जाएगा, बशर्ते ये गायें बाह्य प्रदेशों से लाई गई हों। इस योजना में महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए लक्ष्य के अनुसार लाभार्थियों में 50 प्रतिशत महिलाओं का चयन किया जाएगा, जिससे दुग्ध उत्पादन में महिलाओं की भागीदारी को प्रोत्साहन मिल सके।

इस योजना में केवल उन्हीं गायों को शामिल किया जाएगा जो प्रथम अथवा द्वितीय बार ब्यायी हुई हों। प्रत्येक इकाई में दो गायों का प्रावधान है और इनके क्रय पर कुल लागत का 40 प्रतिशत भाग अधिकतम ?80,000 तक सरकार द्वारा अनुदान के रूप में दिया जाएगा। यह सहायता पशुपालकों को आर्थिक रूप से मजबूत करने के साथ-साथ उन्हें गुणवत्तापूर्ण दुग्ध उत्पादन हेतु प्रेरित करेगी। योजना के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 14 जुलाई 2025 से आरंभ हो चुकी है और इसकी अंतिम तिथि 13 अगस्त 2025 निर्धारित की गई है।

## कांवड़ यात्रा: जिलाधिकारी श्री दीपक मीणा ने किया इंटीग्रेटिड कन्ट्रोल रूम का शुभांरभ

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** श्रावण मास कांवड़ यात्रा-2025 में सभी शिव भक्तों और आम नागरिक की सुविधा के लिए मेरठ रोड तिराहा पर इंटीग्रेटिड कन्ट्रोल रूम का शुभांरभ जिलाधिकारी श्री दीपक मीणा जी और पुलिस उपायुक्त नगर श्री धवल जायसवाल द्वारा किया गया। इस अवसर नगर आयुक्त श्री विक्रमादित्य सिंह मालिक, अपर जिलाधिकारी नगर विकास कश्यप, एसीपी पूनम मिश्रा, श्रीनाथ पासवान उपायुक्त उद्योग की गरिमामय उपस्थिति रही। जिलाधिकारी महोदय द्वारा इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम के साथ–साथ मोहन नगर तिराहा और राज नगर एक्टेंशन पर सिविल डिफेंस वार्डन द्वारा निःस्वार्थ सेवा के लिए बधाई दी। पुलिस उपायुक्त नगर और नगर आयुक्त द्वारा भी सिविल डिफेंस और कंट्रोल रूम पर कार्य कर रहे सभी विभागों के अधिकारियों को इस पुनीत कार्य में दिल से कार्य करने के लिए बधाई दी।

पुलिस उपायुक्त नगर और नगर आयुक्त द्वारा भी सिविल डिफेंस और कंट्रोल रूम पर कार्य कर रहे सभी विभागों के अधिकारियों को इस पुनीत कार्य में दिल से कार्य करने के लिए बधाई दी।

चीफ वार्डन ललित जायसवाल द्वारा आए हुए सभी अतिथियों को धन्यवाद दिया गया। इस अवसर पर सिविल डिफेंस से एके ठाकुर, सुजीत प्रसाद, दीपक अग्रवाल, हर्ष वर्मा, राजेंद्र शर्मा, अनिल अग्रवाल, दिव्यांश, रवि अग्रवाल, संजय गोयल आदि अनेकों वार्डन ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

## राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने दो कांवड़ शिविरों का किया उद्घाटन



**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** सावन माह में शिवभक्ति की लहर पूरे प्रदेश में उमड़ रही है और कांवड़ यात्रा 2025 अपने चरम पर है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने शुक्रवार को गाजियाबाद में दो कांवड़ शिविरों का विधिवत उद्घाटन किया और शिवभक्तों की सेवा को भगवान भोलेनाथ की आराधना के समकक्ष बताया। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने सबसे पहले बौंझा क्षेत्र में जय भोले बाबा सेवादार समिति द्वारा आयोजित कांवड़ शिविर का पूजा-अर्चना कर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि श्रावण मास में शिवभक्तों की सेवा करना केवल सेवा नहीं, बल्कि एक आत्मिक तपस्या है। उन्होंने समिति द्वारा की जा रही व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि यह शिविर श्रद्धालुओं के लिए आराम, चिकित्सा और शुद्ध जलपान जैसी आवश्यक सेवाएं देकर उनकी यात्रा को सरल बना रहा है। इसके बाद मंत्री श्री कश्यप ने युग परिवर्तन सेवा समिति द्वारा आयोजित दसवें कांवड़ शिविर का उद्घाटन किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के शिविर न केवल शिवभक्तों की सेवा करते हैं, बल्कि समाज में धार्मिक चेतना, नैतिक मूल्य और एकता की भावना को भी बढ़ावा देते हैं। उन्होंने समिति की सेवा भावना और दस वर्षों की सतत भागीदारी की प्रशंसा की। मंत्री श्री कश्यप ने विशेष रूप से उत्तर प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन की व्यवस्थाओं की तारीफ की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में कांवड़ यात्रा अब एक आस्था, सुरक्षा और सेवा का प्रतीक बन गई है। सरकार और प्रशासन ने सुरक्षा, ट्रैफिक मैनेजमेंट, चिकित्सा सुविधाएं, पेयजल, भोजन और रात्रि विश्राम की उत्कृष्ट व्यवस्था कर कांवडि ?ें का दिल जीत लिया है। इन शिविरों में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय श्रद्धालु, स्थानीय जनप्रतिनिधि, युवा स्वयंसेवक और समाजसेवी भी उपस्थित रहे। मंत्री नरेंद्र कश्यप की उपस्थिति और प्रेरणादायक शब्दों से शिविर का वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो गया। उन्होंने स्वयं शिविर का निरीक्षण कर सेवाओं की जानकारी ली और कार्यकताओं का उत्साहवर्धन किया। अपने समापन वक्तव्य में मंत्री श्री कश्यप ने सभी शिवभक्तों, आयोजकों और प्रशासनिक अधिकारियों को इस सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया और आमजन से अपील की कि वे सावन की इस पवित्र यात्रा में संयम, अनुशासन और सौहार्द बनाए रखें।

## चीन से कपड़ा मंगवाने के नाम पर 23.37 लाख की ठगी, कारोबारी दंपती से धोखा

**ट्रांस हिंडन।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र से एक बड़े वित्तीय धोखाधड़ी का मामला सामने आया है, जहां एक कारोबारी दंपती से चीन से कपड़ा आयात कराने के नाम पर 23 लाख 37 हजार 500 रुपये की ठगी की गई। आरोपियों ने इतनी सफाई से जाल बुना कि पीड़ित को विश्वास दिलाने के लिए चीन की यात्रा तक करवाई, मगर पैसा लेने के बाद न तो कपड़ा पहुंचा और न ही रकम लौटाई गई।

मेसर्स तपस्वी इंटरप्राइजेज, नीतिखंड-1 इंदिरापुरम के संचालक तरुण रस्तोगी और स्वाति रस्तोगी ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उनकी मुलाकात वर्ष 2024 में अपने मित्र मोहित त्यागी के माध्यम से दो युवकों से हुई थी कपिल कुमार, निवासी डबाना, मोदीनगर और नीरज वर्मा, निवासी यूटीसी आस्था अपार्टमेंट, सेक्टर-5 राजेन्द्र नगर।

## श्रद्धा, सेवा और स्वच्छता का त्रिवेणी संगम बना नगर निगम का कांवड़ शिविर

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** सावन की पावन बेला में जब शिवभक्त हरिद्वार से गंगाजल लेकर हर-हर बम-बम के जयकारों के साथ अपने गंतव्य की ओर बढ़ते हैं, तब रास्ते में उनकी थकान हरने और सेवा देने का संकल्प लेकर गाजियाबाद नगर निगम पूरी श्रद्धा से उनके स्वागत में खड़ा है। इस क्रम में नगर निगम द्वारा आयोजित छह दिवसीय भव्य कांवड़ शिविर का शुक्रवार को विधिवत शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्घाटन महापौर सुनीता दयाल, जिलाधिकारी दीपक मीणा और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने संयुक्त रुप मिलकर किया। पूजा-अर्चना के बाद सभी अधिकारियों ने स्वयं श्रद्धालुओं को फलाहार परोसा, प्रसाद बांटा और शिविर में मौजूद व्यवस्थाओं का गहराई से निरीक्षण भी किया। इस शिविर में साईं सेवा ट्रस्ट की टीम प्रशासन के साथ मिलकर 24 घंटे सेवा में जुटी हुई है। शिविर में पहुंचते ही कांवडि ?ें को फलाहार, जल सेवा, प्राथमिक उपचार, विश्राम की जगह, दवा वितरण और प्रसाद की सुविधा मिल रही है। हर कोने पर स्वयंसेवक तैनात हैं, जो शिवभक्तों को उचित मार्गदर्शन और सहयोग दे रहे हैं। शिविर में महिला सुरक्षा के लिए पुलिस व महिला होमगार्ड तैनात किए गए हैं। जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे, अग्निशमन यंत्र, हेल्प डेस्क, पेयजल कूलर, मेडिकल हेल्पलाइन जैसी सुविधाएं शिविर को एक आधुनिक और पूर्ण व्यवस्था वाला सेवा केंद्र बना रही हैं। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा आयोजित यह शिविर न सिर्फ शिवभक्तों की सेवा कर रहा है, बल्कि नगर प्रशासन की संवेदनशीलता, सतर्कता और समर्पण की असल तस्वीर भी पेश कर रहा है। यह आयोजन सिद्ध करता है कि जब प्रशासन और समाज साथ मिलकर धार्मिक आयोजनों में भाग लेते हैं, तो आस्था का रूप और भी भव्य, सुरक्षित और सुव्यवस्थित हो उठता है।

## आबकारी विभाग की नाक के नीचे से जा रही थी 600 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद

**गाजियाबाद।** कमिश्नरेट पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक बार फिर अपनी सतर्कता और आक्रामक कार्रवाई से नशे के कारोबारियों की कमर तोड़ दी है। थाना वेव सिटी क्षेत्र में शुक्रवार को क्राइम ब्रांच प्रभारी अब्दुर रहमान सिद्दीकी ने थाना वेवसिटी क्षेत्र से चंडीगढ़ से बिहार तस्करी के लिए ले जाई जा रही 600 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब (मैकडॉवेल नम्बर-1) से भरे एक बंद बॉडी आईसर ट्रक को पकड़ते हुए 44 लाख रुपये की शराब बरामद किया है। इस शराब की बिक्री केवल चंडीगढ़ में अधिकृत थी। इस अंतरराज्यीय तस्करी में लिप्त एक शातिर तस्कर अनूप सिंह (43) को भी गिरफ्तार किया गया है, जो पहले भी दो बार शराब तस्करी में पकड़ा जा चुका है।

## सीडीओ अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति गाजियाबाद की बैठक हुई

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी श्री ?अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति गाजियाबाद की बैठक आहूत हुई।

बैठक में भूमि संरक्षण विभाग में संचालित पंडित दीन दयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना तथा खेत तालाब योजना के अंतरगत वर्ष गत वर्ष 204-25 कार्य को पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। साथ ही आगामी वर्ष 2025-26 भूमि संरक्षण विभाग की परियोजनाओं को अनुमोदित हेतु जिला भूमि एव जल संरक्षण समिति के सम्मुख अनुमोदन के हेतु प्रस्तुत किया गया। बैठक में मुख्य रूप से उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, सहायक निदेशक मत्स्य, जिला सांख्यिकी अधिकारी, प्रभारी अधिकारी वन विभाग, सहायक इअभियंता लघु सिंचाई विभाग, खंड विकास अधिकारी के प्रति निधि एवं अन्य अधिकारियों के साथ साथ विभाग की योजनाओं के लाभार्थी कृषकों ने भी प्रतिभाग किया।

## ग्रामीण खंड प्रथम मुरादाबाद में सेवारत एवं पेंशनर्स की एक सभा हुई

**वेलकम इंडिया**



आज दिनांक 18 जुलाई 2025 को नगरीय विद्युत वितरण खंड प्रथम एवं द्वितीय एवं ग्रामीण खंड प्रथम मुरादाबाद में सेवारत एवं पेंशनर्स की एक सभा हुई,जिसमें विद्युत कर्मचारियों ने निजी आवासों पर मीटर लगाने का पुरजोर विरोध किया गया ।सभी ने एक आवाज में कहा कि मीटर लगाना 2000 समझौते का खुला उल्लंघन है ।किसी भी परिस्थितियों में निजी आवासों पर मीटर न लगायें। यूनियन के पदाधिकारियों ने नारे लगाकर अधिकारियों को चेतावनी दी। अधिशासी अभियंता नगरीय विद्युत वितरण खंड द्वितीय मुरादाबाद ने सहयोग का आश्वासन दिया। सभा में संगठन के महासचिव कप्तान सिंह का घोर विरोध हुआ,और यह कहा गया कि वह अधिकारियों की कठपुतली बनकर अपने पेंशनर के खिलाफ निर्णय लेकर गुमराह कर रहे हैं। मीटिंग में प्रणव चौधरी उपखंड अधिकारी,इंङ्ग प्रवीण सक्सेना, ईङ्ग सुदीप सेन गुप्ता ईङ्ग एसङ्गसीङ्ग अग्रवाल, ईङ्ग ए के सिंघल, एस पी सिंह,अजीत शर्मा, सुशील गुप्ता,अशोक गुप्ता,रतनदीप पाठक, एस एस यादव, ओ पी आहूजा,संजय चतरा, अंकित शर्मा आदि मौजूद रहे। मीडिया प्रभारी - अशोक गुप्ता